आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.06
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 32, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम - 12



■ बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय - 12



■ इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला - 13



■ चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# भारत संकट का पूरी शक्ति से कर रहा सामना : मोदी

## यूपी में जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

● मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा से जुड़े रहे छह नेता कांग्रेस में शामिल

**देहरादून।** तीन पूर्व विधायकों समेत छह नेता शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इनमें राजकुमार ठुकराल, नारायण पाल, भीमलाल आर्या, लाखन सिंह नेगी, गौरव गोयल और अनुज गुप्ता ने नई दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। ये सभी नेता अलग-अलग समय पर सत्तारूढ़ भाजपा का हिस्सा रहे हैं। (विस्तृत पेज-2)

### कसीनो का भंडाफोड़, पूरी चौकी सस्पेंड

**देहरादून।** ऋषिकेश के आईडीपीएल क्षेत्र के एक होटल में अवैध कसीनो का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने मौके से 10 महिलाओं सहित 40 आरोपी गिरफ्तार करते हुए नकदी और कसीनो चिप्स बरामद किए हैं। वहीं, एसएसपी ने लापरवाही पर पूरी आईडीपीएल चौकी को सस्पेंड कर दिया है। इनमें चौकी प्रभारी सहित 12 पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। (विस्तृत पेज-2)

### अयोध्या में बने यज्ञशाला में भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

**अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक महायज्ञ के दौरान शनिवार को यज्ञशाला में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल कुछ ही देर में आग की लपटों में घिर गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराया जा रहा था।

### इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात जिले के देहात थाना क्षेत्र में हुई। मनोज रजक (22) नामक युवक के आखिरी पलों का करीब 14 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि युवक ने लाइव चैट के दौरान अपने दोस्तों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी, इसके बाद उसने छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## डिजिटल कुंभ 2027 का लक्ष्य ऋषिकेश तक पहुंचे रैपिड रेल

● मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शनिवार को नई दिल्ली में भेंट कर उत्तराखंड में रेल संपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार, ऋषिकेश, चारधाम एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर बढ़ते यातायात दबाव का उल्लेख करते हुए दिल्ली से मेरठ के बीच संचालित आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) का विस्तार हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक करने की दिशा में शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया। साथ ही, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण का कार्य वर्ष 2026 तक पूरा कर लोकार्पण सुनिश्चित करने, कुमाऊं क्षेत्र के विकास के लिए टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में स्वीकृति प्रदान करने तथा बागेश्वर-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे की अनुमति देने का अनुरोध किया। हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के दोहरीकरण, रायवाला बाई-डक ब्रिज के विकास कार्य, चारधाम रेल परियोजना के अंतर्गत डोईवाला-उत्तरकाशी एवं कर्णप्रयाग-पीपलकोटी खंडों के फाइनल लोकेशन सर्वे को शीघ्र पूर्ण कर स्वीकृति प्रदान करने तथा मोहंड-देहरादून-सहारनपुर रेल लाइन परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने का भी अनुरोध किया। सीएम ने कहा कि, इस बार कुम्भ को 'डिजिटल कुम्भ-2027' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, त्वरित सूचना प्रसार, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने इस परियोजना के लिए 143.96 करोड़ की वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के वास्ते शुरू किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों का प्रबंधन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के आरवीपी सचिवालय द्वारा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

## नेपाल में पूर्व पीएम ओली व पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

● जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था। पुलिस ने बताया कि नेपाल (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है।



## 47000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा 'जग वसंत'




**अहमदाबाद।** पश्चिमी एशिया संकट के बीच होर्मुज को पार करते हुए भारतीय ध्वज वाला पोत 'जग वसंत' 47,000 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के जामनगर स्थित वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अनुसार, कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से सामान लेकर एमटी जग वसंत शुक्रवार रात 8:30 बजे वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह पर पहुंचने के बाद पोत से पोत में एलपीजी का स्थानांतरण किया जा रहा है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया, 230 मीटर लंबा यह पोत वर्तमान में 17,600 टन एलपीजी को अपने सहायक पोत एमटी रोज गैस में स्थानांतरित कर रहा है, जिसमें लगभग 15 घंटे लगने की उम्मीद है। स्थानांतरण के बाद, सहायक पोत आगे एलपीजी उतारने के लिए कांडला के लिए रवाना होगा। मुख्य पोत 'जग वसंत' पर लदे 20,000 टन माल को मुंबई में उतारा जाएगा और लगभग 9,000 टन माल को बाद में मंगलुरु में उतारा जाएगा।

## पुलिस कस्टडी में पीआरडी जवान की गई जान

● थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किए गए पीआरडी जवान की थाना रायपुर की हवालात में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस कस्टडी में मौत के बाद एसएसपी ने एक्शन लेते हुए थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, लाडपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर पंप कर्मियों से झगड़ने और शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में सुनील रतूड़ी (45) पुत्र शिवानन्द रतूड़ी निवासी पीआरडी कालोनी तपोवन रोड़ को थाना रायपुर लाया गया था। काफी देर तक सुनील शराब के नशे में थाने में हंगामा करता रहा। सूचना पर उसके परिचित थाने पहुंचे लेकिन वे जमानत पर नहीं ले गए जिसके बाद सुनील को एमवी एक्ट में गिरफ्तार कर हवालात में दाखिल किया गया। इस बीच ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल द्वारा सुनील को चेक किया गया तो वह बेहोश मिला। उसे कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि इस प्रकरण की प्रारंभिक जांच एसपी देहात को सौंपी गई है। प्रकरण की ज्यूडिशियल/मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी।

## वन दरोगा रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** विजिलेंस हल्द्वानी की टीम ने शनिवार को अल्मोड़ा में वन दरोगा को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विजिलेंस विभाग के अनुसार, आरोप है कि जागेश्वर में वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात नवीन नौटियाल की ओर से शिकायतकर्ता जय प्रकाश से लीसा गढ़ान-ढुलान कार्य के लिए पंजीकरण के नवीनीकरण और लंबित बिलों के भुगतान के एवज में 25,500 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रैप टीम का गठन किया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मामले में एक वन अधिकारी का नाम सामने आया है। उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सुप्रीम आदेश | रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## कोर्ट के आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान न हो उजागर

● कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो रेप सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गईं, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के रेप के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए।

### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।

## स्टेट ब्रीफ

### राज्यपाल ने दी 283 छात्रों को उपाधि

**देहरादून :** पौड़ी गढ़वाल जनपद स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार के तृतीय दीक्षांत समारोह में शनिवार को राज्यपाल गुरमीत सिंह वानिकी, औद्यानिकी और कृषि के 283 छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी उपाधियां प्रदान की। इससे पूर्व उन्होंने परिसर में बने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पार्क में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने सभा कक्ष, ई-गवर्नेंस पोर्टल व ई-फाइलिंग डिजिटाइजेशन मॉड्यूल का उद्घाटन किया। प्रशासनिक, शैक्षणिक भवन एवं ट्रांसिट हॉस्टल निर्माण कार्य का शिलान्यास, बहुद्देशीय भवन का लोकार्पण किया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने बीएससी ऑनर्स के साक्षी वर्मा, प्रदीप कुमार, संजना बिष्ट, मैत्रेय नौटियाल, युक्ता लोहनी को स्वर्ण पदक प्रदान किया। जबकि इशिता नेगी, सवेरा पंवार, श्वेता सेमवाल, सुहर्षिता बहुगुणा को रजत पदक से सम्मानित किया।

### वन भूमि प्रयोग की जांच को एसआईटी

**देहरादून :** शीर्ष कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में सीएम के अनुमोदन के बाद राज्य में राजस्व विभाग के अधीन आरक्षित वन भूमि जो कि किसी अन्य प्राईवेट संस्थाओं को गैर-वानिकी कार्यों हेतु आवंटित की गई है की जांच हेतु डीएम की अध्यक्षता में विशेष जांच टीमों का गठन किया गया है। वहीं, सीएम ने अवस्थापना विकास से जुड़ी योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

# आमजन को समयबद्ध न्याय सर्वोच्च प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री धामी ने किया राजस्व लोक अदालत का शुभारंभ, न्याय आपके द्वार अभियान को नई मजबूती

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार को प्रदेश में राजस्व लोक अदालत का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र की भावना का विस्तार है। प्रधानमंत्री द्वारा सदैव इस बात पर बल दिया गया है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरलता एवं शीघ्रता से पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व लोक अदालत का आयोजन वर्षों से लंबित राजस्व विवादों के त्वरित एवं सार्थक समाधान हेतु किया गया है। राजस्व संबंधी विवाद केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि इनके पीछे किसानों की भूमि, परिवारों की आजीविका एवं व्यक्तियों का आत्मसम्मान जुड़ा होता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राजस्व विवादों के निस्तारण हेतु राज्य स्तर पर राजस्व परिषद, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त न्यायालय, जिला स्तर पर कलेक्टर न्यायालय तथा तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय कार्यरत हैं। वर्तमान में प्रदेश में 400 से अधिक राजस्व न्यायालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि' के मूल मंत्र के साथ राजस्व लोक अदालत की अभिनव पहल प्रारम्भ की है।

इस दौरान बैठक से वर्चुअल जुड़े मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के क्रम में समस्त राजस्व वाद को अगले एक माह में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें।



शनिवार को प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों का शुभारंभ करने के दौरान अधिकारियों के साथ वार्ता करते मुख्यमंत्री धामी।

### तेहरवीं/पीपलपानी तक हो जाए नामांतरण प्रक्रिया

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित विरासत के मामलों में भू-स्वामी की मृत्यु के पश्चात निर्धारित समयसीमा के भीतर नामांतरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि मृतक की तेहरवीं/पीपलपानी तक वारिसों के नाम नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर नई खतौनी परिवार को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, उन्होंने विवादित भूमि की पैमाइश एवं कब्जों से संबंधित मामलों को एक माह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

### 13 जिले, 210 स्थान 6933 वाद का निस्तारण

सीएम ने कहा कि 'न्याय आपके द्वार' की अवधारणा को साकार करते हुए प्रदेश के सभी 13 जनपदों में 210 स्थानों पर एक साथ राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 6,933 मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस के अंतर्गत भूमि विवादों के अतिरिक्त आबकारी, खाद्य, स्टाम्प, सरफेसी एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं रेंट कंट्रोल एक्ट से संबंधित मामलों का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा।

### आरसीएमएस से घर बैठे दर्ज होंगे भूमि विवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस (न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन) के विजन के अनुरूप प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को ऑनलाइन करते हुए 'रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम' (आरसीएमएस) पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे अपने प्रकरण दर्ज कर सकते हैं।



# मोदी से मिले धामी, उधर राज्य को विशेष प्रोत्साहन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुलाकात की और उधर, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र द्वारा जारी स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट गाइडलाइंस में उत्तराखंड राज्य को बड़ी आर्थिक राहत और विकास के लिए मजबूत प्रोत्साहन मिला है।

पीएम मोदी के साथ सीएम धामी की जबरदस्त बॉन्डिंग का सीधा लाभ उत्तराखंड को मिल रहा है। इस बार गाइडलाइंस में 'प्राइड ऑफ हिल्स' नाम से एक विशेष प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत पर्वतीय राज्यों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2026-27 में 3460 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन प्राप्त होगा, जो राज्य के बुनियादी ढांचे और समग्र विकास को नई गति देगा। इसके अलावा, राज्य को 765 करोड़ रुपये की अनटाइड फंड्स के रूप में भी सहायता मिलेगी, जिससे राज्य सरकार अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाओं को लागू कर सकेगी और राज्य में विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।


# चारधाम यात्रा: 51 दलनायकों का ट्रांसफर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- देहरादून सहित 10 जनपदों में 12 यातायात निरीक्षकों की तैनाती

**अमृत विचारः** हाल ही में प्लाटून कमांडर से दलनायक पद पर पदोन्नत हुए 21 दलनायकों सहित कुल 51 दलनायकों को यातायात, एसडीआरएफ, आईआरबी, एवं पीएसी वाहिनियों एवं जनपदों में स्थानान्तरित किया गया है।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, आगामी चारधाम यात्रा के सुगम व सुरक्षित संचालन तथा प्रदेश में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा 12 यातायात निरीक्षकों को जनपद देहरादून, हरिद्वार, चमोली, उत्तरकाशी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा एवं बागेश्वर में स्थानान्तरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के विभिन्न जनपद/वाहिनियों में रिक्तियों के सापेक्ष, निर्धारित समयावधि पूर्ण होने एवं पदोन्नति के फलस्वरूप 5 दलनायकों को जनपद देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर में प्रतिसार निरीक्षक के पद पर और 34 दलनायकों को एसडीआरएफ, आईआरबी एवं पीएसी वाहिनियों में स्थानान्तरित किया गया है।



### पीएम का जल्द दौरा अलर्ट पर अफसर

**देहरादूनः** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित प्रतिभाग एवं जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी सविन बंसल ने शनिवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में व्यापक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएच, एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में संभावित रूट पर चल रहे समस्त निर्माण कार्यों हेतु पूर्व में दी गई अनुमतियां कार्यक्रम तक तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

# अवैध कसीनो पर छापा पूरी चौकी हो गई सस्पेंड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- 10 महिलाओं समेत 40 गिरफ्तार नकदी और कसीनो चिप्स बरामद

**अमृत विचारः** ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल क्षेत्र में पुलिस ने एक होटल में चल रहे अवैध कसीनो पर छापेमारी कर 10 महिलाओं सहित 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, इस मामले में चौकी पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने आईडीपीएल चौकी प्रभारी विनय शर्मा सहित कुल 12 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

सीओ नीरज सेमवाल ने बताया कि शुक्रवार देर रात आईडीपीएल सिटी गेट के पास स्थित नवरंग होटल में छापेमारी में मौके से 1.35 लाख रुपये, 3,356 कसीनो क्वाइन, ताश की 26 गड्डियां और विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलें बरामद करते हुए होटल को सील कर दिया गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ और आबकारी अधिनियम में अभियोग दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नौ दिल्ली के निवासी हैं, जिनमें सात महिलाएं शामिल हैं जबकि अधिकांश आरोपी ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों के हैं।

वहीं, एसएसपी डोबाल ने इस संबंध में बताया कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

# खाड़ी देशों में फंसे लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** खाड़ी देशों में फंसे उत्तराखंड राज्य के लोगों की सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय, देहरादून में हेल्पलाइन नम्बर और ई-मेल आईडी जारी की गई है।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के अनुसार, वर्तमान में खाड़ी देशों तथा मध्य पूर्व एशिया के देशों (जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ईरान, इजराइल, ओमान आदि) में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए वहां निवासरत/कार्यरत/फंसे हुए उत्तराखंड राज्य के नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निराकरण, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और सम्बन्धित भारतीय दूतावासों से समन्वय करने/आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, उत्तराखंड के जनपदों तथा अन्य सभी सम्बन्धित के साथ समुचित समन्वय/सहयोग करने के लिए उत्तराखंड शासन की ओर विशेष सचिव (गृह) निवेदिता कुकरेती को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इनके द्वारा खाड़ी देशों में निवासरत/कार्यरत/फंसे हुए लोगों का सभी प्रकार से सहयोग/समन्वय करने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

### हेल्पलाइन नंबर और मेल आईडी

मोबाइल नम्बर :- 9411112792
ई-मेल आईडी :- dgc-police-ua‹bha›@‹/bha›nic.in



### यह जानकारी देनी होगी

मुख्य सचिव के अनुसार, हेल्पलाइन नंबर और ई-मेल से संपर्क करने पर संबंधित खाड़ी देश में फंसे व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें जिस खाड़ी देश में उत्तराखंड राज्य का व्यक्ति निवासरत/कार्यरत या फंसा हुआ है, वहां का पूरा नाम और पता, मोबाइल और व्हाटसएप नंबर के साथ ई-मेल आईडी, पासपोर्ट नंबर के अलावा संबंधित व्यक्ति का उत्तराखंड में पूरा पता बताना होगा।

### श्रम बोर्ड को मिला गोल्ड अवार्ड

**देहरादूनः** उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को स्कॉच ग्रुप द्वारा राज्य में श्रम उपकर संग्रह प्रबधन प्रणाली के लिए गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में उत्तराखंड के श्रम आयुक्त एवं सचिव, उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, प्रकाश चंद दुमका द्वारा आईटी विशेषज्ञ दुर्गा चमोली के साथ प्राप्त किया गया।

आयुक्त दुमका ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित श्रम उपकर संग्रह प्रबधन प्रणाली पोर्टल डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट मानक के रूप में उभरा है। इसकी सफलता के चलते इसे श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के अन्य राज्यों में भी लागू करने के लिए अपनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य को मिले इस सम्मान को श्रमिक सुधारों एवं श्रम प्रबंधन के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का भी सम्मान बताया है।

# पूर्व विधायकों समेत छह नेता कांग्रेस में

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** तीन पूर्व विधायकों समेत राज्य के छह नेताओं को शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता दिलायी गयी। ये सभी नेता अलग-अलग समय पर सत्तारूढ़ भाजपा का हिस्सा रहे हैं।

इस मौके पर कांग्रेस की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत मौजूद रहे। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इस कार्यक्रम से दूर रहे।

कांग्रेस महासचिव कु. सैलजा ने संवाददाताओं से कहा कि, आज उत्तराखंड से कई साथी कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है और इन सभी लोगों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है। यह तो अभी शुरुआत है तथा आने वाले दिनों में उत्तराखंड के कई और नेता कांग्रेस में शामिल होंगे।

उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार को लेकर लोगों के मन में काफी गुस्सा है। राज्य के लोगों के मन में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और आने वाले समय में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। कांग्रेस ज्वाइन करने वालों में राजकुमार ठुकराल रुद्रपुर, नारायण पाल सितारगंज और भीमलाल आर्या घनसाली से भाजपा विधाय क रहे हैं। लाखन नेगी भीमताल रामगढ़ के पूर्व ब्लाक प्रमुख हैं, गौरव गोयल रुड़की के पूर्व महापौर और अनुज गुप्ता मसूरी नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं।


नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के बाद पदाधिकारियों के साथ नवागत नेता।

# यह कमल की हैट्रिक का संकेत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बयान दिया कि भाजपा द्वारा पार्टी से निकाले गए लोगों को कांग्रेस द्वारा चुनाव लड़ाने की कोशिश 2027 में कमल खिलने की हैट्रिक का संकेत है। उन्होंने तंज कसते हुए कांग्रेस को 4 नेताओं की वो पार्टी बताया, जिसके प्रभारी को देवभूमि आना जरूरी नहीं लगता।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से वार्ता में उन्होंने कहा कि, जो भी लोग इस दिन कांग्रेस में शामिल हुए हैं उनको तो बहुत पहले ही पार्टी से निकाला जा चुका है इसलिए वह भाजपा के चेहरे हो ही नहीं सकते। भाजपा के अंदर अनुशासन के दायरे में रहना होता है और जो उस अनुशासन के दायरे को तोड़ता है उसे कठोरता के साथ न चाहते हुए भी पार्टी से बाहर किया जाता है। अब जो बाहर निकाल दिया गया, वह कहीं और शिफ्ट हो जाता है तो इसमें हमें क्या फर्क पड़ेगा। हां इतना अवश्य है कि कांग्रेस को इस बात पर विचार करना चाहिए था कि उन्हें भाजपा से क्यों निकाला गया है। हो सकता है जो हमे कमी या गलती लगी, वो कांग्रेस की कार्य संस्कृति में अच्छी हो।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास तो चुनाव लड़ने के लिए कैंडिडेट तक नहीं हैं वो हमारे निकाले लोगों को चुनाव में आगे बढ़ाना चाहती है क्योंकि कल तक कांग्रेस कहती थी कि भाजपा के पास लोग नहीं है वह हमारी पार्टी से नेताओं को ले जा रही है। अब स्वयं कांग्रेस हमारे निकाले हुए लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर चुनाव में उतरना चाहती है जो 2027 के चुनावों में भाजपा की दो तिहाई सीट पर जीत और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का स्पष्ट संकेत है।

वहीं, पार्टी अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्रियों के अंदरूनी-बाहरी की चर्चाओं पर स्पष्ट किया कि पार्टी में जो आया, वो हमारा कार्यकर्ता है। उसे उसकी क्षमता एवं उपयोगिता के अनुसार संगठन और सरकार में भूमिका दी जाती है।

### राज्य में मनाया गया अर्थ ऑवर

**देहरादूनः** वैश्विक पर्यावरणीय पहल 'अर्थ ऑवर' के अवसर पर शनिवार रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक एक घंटे के लिए सभी गैर-जरूरी लाइटें बंद कर इस अभियान को सफल बनाया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी इस अभियान में सहभागिता कर शासकीय आवास की गैर जरूरी लाइटें बंद की।

उन्होंने कहा कि, अर्थ ऑवर केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि यह हम सभी को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराने का एक सशक्त माध्यम है। ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि वे ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### दून में 42 गिरफ्तार 64 हिरासत में

**देहरादूनः** राजधानी में ऑपरेशन नाइट वॉच में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 42 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सभी 42 वाहनो को सीज किया गया। इस दौरान वाहनों में हूटर, काले शीशे लगाने व यातायात नियमो के उल्लंघन पर 45 अन्य वाहनों को सीज करते हुए 80 वाहन चालको के एमवी एक्ट में चालान कर 46000 रुपए का जुर्माना किया गया तथा 96 कोर्ट के चालान किए गए।

पुलिस द्वारा 1580 वाहनों को चेक किया गया तथा 1650 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके सत्यापन किया गया। रात्रि में अनावश्यक घूम रहे 400 व्यक्ति यों से पुलिस द्वारा मौके पर पूछताछ करते हुए 64 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाया गया।




सतर्कता

चारधाम यात्रा से पहले मांग-आपूर्ति संतुलन, कालाबाजारी पर सख्ती और ग्रीन एनर्जी पर जोर

# गैस, ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति, न लें तनाव : मुख्य सचिव

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनज़र राज्य में गैस, ईंधन एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस की उपलब्धता, अस्पतालों, शैक्षिक संस्थानों एवं उद्योगों की आवश्यकताएं, आगामी चारधाम यात्रा के दौरान संभावित बढ़ती मांग, उर्वरकों की स्थिति, पीएनजी पाइपलाइन विस्तार, सीएनजी आपूर्ति, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर नियंत्रण, अफवाह प्रबंधन तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सीएस ने स्पष्ट किया कि राज्य में गैस व अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अनावश्यक पैनिक होने से बचें।



### ग्रीन एनर्जी को मिलेगा बढ़ावा

सीएस ने पीरूल ब्रिकेट, बायोगैस प्लांट, सोलर चूल्हे एवं सोलर कुकर को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। नगर निकायों को बायोगैस प्लांट अनिवार्य रूप से बढ़ाने तथा ऊर्जा विभाग को वैकल्पिक ऊर्जा के विस्तार हेतु तेजी से कार्य करने को कहा गया। साथ ही, सरकारी एवं निजी परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने तथा ट्रांसपोर्ट सेक्टर को ग्रीन एनर्जी आधारित बनाने के निर्देश दिए गए।

### प्रवासी उत्तराखंडियों के लिए सहायता तंत्र

सीएस ने खाड़ी देशों एवं मिडिल ईस्ट में फंसे नागरिकों की सहायता हेतु टोल-फ्री नंबर जारी करने के निर्देश देते हुए विशेष सचिव निवेदिता कुकरेती को राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया तथा जिलों में भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए।

सीएस ने पर्यटन व पूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ने वाली गैस की अतिरिक्त मांग का सटीक आकलन कर प्लान बनाएं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर अतिरिक्त ईंधन के मांग की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराएं। गैस, कच्चा तेल एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त प्रवर्तन कार्रवाई के साथ सीएस ने नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सर्विलांस बढ़ाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि यूरिया का अनावश्यक भंडारण न किया जाए तथा एग्रीटेक, फार्मर रजिस्ट्री और वास्तविक खेती के आंकड़ों को मैच करते हुए उर्वरक वितरण को लिंक कर दुरुपयोग रोका जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीएनजी पाइपलाइन से संबंधित अनुमति तुरंत प्रदान की जाए। फार्मा सहित विभिन्न उद्योगों में पाइपलाइन आधारित गैस उपयोग और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दें।

### वैश्विक चुनौती को अवसर में बदलें

विदेशी आयात पर निर्भरता कम करने और 2070 तक कार्बन न्यूट्रल लक्ष्य प्राप्त करने हेतु यह समय ग्रीन एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ने का है। सीएस ने सभी विभागों को घरेलू, औद्योगिक एवं परिवहन क्षेत्रों में वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सप्लाई चेन पर कड़ी निगरानी

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों एवं वितरकों पर नियमित निगरानी रखी जाए, स्टॉक रजिस्टर की दैनिक जांच हो तथा आपूर्ति में असंतुलन होने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। शादी समारोह जैसे अवसरों के लिए भी अतिरिक्त गैस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## सिटी ब्रीफ

### मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बीती 26 मार्च को पुरानी चुंगी मल्ला काठगोदाम के पास सौरभ राणा व सोनू राणा और गोपाल आर्या आदि के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया। शुक्रवार को एक गुट पुलिस चौकी मल्ला काठगोदाम में मौजूद था। इसी बीच दूसरा गुट भी चौकी पहुंच गया, जहां भी दोनों गुटों में विवाद हो गया। बाद में पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपियों गोपाल आर्या, सितेश आर्या, अमन कुमार निवासी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा को गिरफ्तार कर लिया।

### ई-ऑफिस संचालन पर कार्यशाला का आयोजन

**हल्द्वानी :** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सेवा नियमावली, अधिप्राप्ति नियमावली और ई-ऑफिस संचालन विषय पर एकदिवसीय वर्कशॉप हुई। इसका शुभारंभ प्रभारी निदेशक डॉ. वीएन खाली ने किया। विषय विशेषज्ञों ने सेवा नियमावली, विधिक प्रावधान, ई-प्रोक्योरमेंट और ई-ऑफिस संचालन पर जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी व हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के साथ कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश आरडी पालीवाल, अभय कुल्याल और जिला सूचनाधिकारी राजेश तिवारी ने जानकारी दी।

# आदेश बेअसर : निजी स्कूलों की मनमानी जारी, अभिभावकों पर खरीदारी का दबाव

## शिक्षण सत्र शुरू होने में तीन दिन शेष, कई स्कूलों ने ऑफिशियल वेबसाइट पर नहीं दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक तरफ शिक्षा विभाग और प्रशासन दावे कर रहा है कि निजी स्कूलों की मनमानी बिल्कुल नहीं चलेगी। इसे लेकर पूर्व में कई बैठकें भी हो चुकी हैं। वहीं, दूसरी तरफ अभी भी स्कूलों की ओर से अभिभावकों पर किसी भी तरह की शिथिलता नहीं बरती जा रही है। कई स्कूल अभिभावकों पर जल्द से जल्द स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने का दबाव बना रहे हैं।

बीते शुक्रवार को मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने आदेश जारी किया कि जब तक नई किताबें बाजार में पूरी तरह उपलब्ध नहीं हो जाती हैं, तब तक स्कूल बुक बैंक के माध्यम से पढ़ाएंगे। इसके साथ ही यूनिफॉर्म को लेकर भी उन्होंने कहा था कि 20 अप्रैल तक यूनिफॉर्म खरीदने के लिए ढील दी जाए। आदेश जारी होने के बाद भी कई स्कूल अभिभावकों पर किताबों और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं। बड़ी संख्या में अभिभावक शनिवार को स्टेशनरी की दुकानों के बाहर और बैंक्वट हॉल में कॉपी-किताबें खरीदते नजर आए। वहीं, शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सभी निजी स्कूलों को अपनी पूरी जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर सार्वजनिक करनी थी। इसमें फी स्ट्रक्चर, सिलेबस, किताबों से लेकर सभी एडमिशन डिटेल्स शामिल हैं। लेकिन इसके बावजूद कई स्कूलों ने जानकारी अपनी ऑफशियल वेबसाइट पर अपलोड नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रशासन और शिक्षा विभाग की स्कूल संचालकों के साथ हुई बैठक में तय हुआ था कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व स्कूलों को फीस और किताबों से लेकर एडमिशन से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करनी थी। इधर, शहर के कुछ निजी स्कूलों की ओर से सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार निजी स्कूलों में एडमिशन फी और मेंटीनेंस फी के नाम पर अच्छा-खासा पैसा वसूला जा रहा है। एडमिशन फी के लिए स्कूल 8 से 30 हजार रुपए तक ले रहे हैं। इसी तरह मेंटीनेंस फी के नाम पर भी 5 हजार से 15 हजार तक वसूले जा रहे हैं।



एक बैंक्वेट हॉल में किताबें खरीदते हुए अभिभावक। ● अमृत विचार

### स्कूल बसों का किराया बढ़ाना अनुचितः पछास

निजी स्कूल बसों का किराया बढ़ाए जाने पर पछास परिवर्तनकामी छात्र संगठन ने विरोध जताया है। संगठन ने कहा कि पहले जहां कई क्षेत्रों में 1200–1500 तक किराया था, वहीं अब 50–100 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी ने मध्यमवर्गीय परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। अभिभावकों ने इसे अनुचित बताते हुए सरकार से दरों की समीक्षा और राहत की मांग की है। पर्वतीय जिलों में अतिरिक्त 10 प्रतिशत किराया वृद्धि और छुट्टियों के दौरान भी शुल्क वसूली जैसे प्रावधानों को भी अनुचित बताया है।

**08** से 30 हजार रुपये तक एडमिशन फीस ले रहे स्कूल

### जिम्मेदारी से बच रहा पब्लिक स्कूल एसो.

निजी स्कूलों में प्रवेश से संबंधित किसी भी मुद्दे पर बात करने के लिए पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं। जब पब्लिक स्कूल के महासचिव से स्कूलों में फीस, किताबों व अन्य जरूरी बिंदुओं पर जानकारी लेनी चाही गई तो उन्होंने इस पर जवाब देने से इनकार कर दिया। इसी तरह पीएसए अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी निजी स्कूलों की मनमानी पर कुछ कहने से बचते हैं।

> सभी निजी स्कूलों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अभिभावकों पर किताबों और ड्रेस के लिए किसी भी तरह का अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी अभिभावक से शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।
> **–गोविंद राम जायसवाल**, सीईओ

# पेयजल संकट पर गुस्सा जल संस्थान पर प्रदर्शन



पानी को लेकर जल संस्थान में प्रदर्शन करते दमुवाढूंगा और चौफला क्षेत्र के लोग।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गर्मी से पहले ही शहर के कई क्षेत्रों में पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा और चौफुला के लोगों ने पानी न आने पर रोष जताते जल संस्थान के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि होली के बाद से उनके क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र से गुजरने वाली पाइपलाइन को अन्य जगहों पर डायवर्ट कर दिया गया है, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से बैठक की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही दिए गए। अपनी मांग को लेकर लोग कई दिनों से गांव में धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं थे। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता मनु गोस्वामी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिशासी अभियंता के घेराव करते हुए क्षेत्र में जल व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर के साथ बैठकर जल आपूर्ति को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। आगे ईई लोशाली ने कहा समस्या को जल्द ठीक कर पानी की नियमित रूप से आपूर्ति की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

- गुस्साए लोगों ने ऊर्जा निगम कार्यालय पर दिया धरना
- बंद घरों में बिना अनुमति मीटर न लगाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ ऊर्जा निगम के के कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा निगम के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि इसे प्रबंधक निदेशक देहरादून तक पहुंचाया जाए।

प्रदर्शनकारियों मांग की गई कि पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर को जीरो रीडिंग करके ही स्मार्ट मीटर से जोड़ा जाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर के बाद बिल चार गुना बढ़ गए। उन्होंने यह भी कहा कि निजी कंपनियों के कर्मचारी जनता के घरों में जबरदस्ती मीटर लगा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि 2 हजार रुपये तक के बिल न जमा करने पर बिना नोटिस कनेक्शन काटना असंवैधानिक है। साथ ही यह भी कहा कि बंद घरों में बिना अनुमति मीटर न लगाया जाए और जो लोग स्वेच्छा से मीटर लगवाते हैं, उनके पुराने मीटर को न तोड़ा जाए। धरने में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, शाइन सिद्दीकी, दीपक चनियाल, जमील अहमद, जीवन चंद्र आर्य, महेश चंद्र आर्य सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे ऊर्जा निगम के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।



तिकोनिया स्थित विद्युत विभाग कार्यालय गेट पर प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के लोग।

# 90 वाहनों का चालान दस वाहन किए सीज

**हल्द्वानी :** गौला खनन क्षेत्र में परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों और बिना ढके खनिज पदार्थ ले जा रहे मालवाहकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 90 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 10 ओवरलोडेड वाहनों को सीज किया गया।

डीएम की ओर से पूर्व में दिए गए आदेश पर आरटीओ (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) अरविंद पांडे के निर्देशों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान खनन वाहनों के कागजात, फिटनेस और भार क्षमता की जांच की गई। आरटीओ अरविंद पांडे ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के चालकों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे और संबंधित वाहनों के परमिट के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जल निगम के कार्यालय पर की तालाबंदी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से जल संकट को लेकर शुक्रवार को नाराज लोगों ने जल निगम की विश्व बैंक इकाई के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और गेट पर ताला लगा दिया। बाद में अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद ही ताला खोला गया।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से 20 मिनट ही पानी आता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करता पड़ता है। शुक्रवार को पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग जल निगम कार्यालय पहुंचे और जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। आरोप है कि अधिकारी आने में टालमटोल करते रहे। इससे आक्रोशित लोगों ने कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। सूचना पर अधिशासी अभियंता चमन यादव, सहायक अभियंता विजेंद्र यादव, जल निगम के सहायक अभियंता मनोज कुमार और अपर सहायक अभियंता राजेंद्र भौर्याल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने गेट का ताला खोल दिया।

इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश जोशी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। करीब चार घंटे चली वार्ता के बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जब तक जलापूर्ति सामान्य नहीं होती, तब तक टैंकरों के जरिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खराब ट्यूबवेल को अगले दिन तक ठीक करने का भरोसा भी दिया गया। पार्षद मनोज जोशी ने कहा कि नई मोटर लगाए जाने तक वह मौके से नहीं हटेंगे। उन्होंने पुरानी मोटर हटाने से भी रोक दिया। करीब चार घंटे बाद नई मोटर पहुंचने पर ही पुरानी मोटर हटाई गई। प्रदर्शन में सीमा रावत, तनुजा बेलवाल, लता बिष्ट, प्रकाश कपूर, सोहन रावत, कुनाल प्रजापति, पवन बिष्ट, जगदीश बिनवाल, नवीन जोशी आदि रहे।



तल्ली हल्द्वानी में पानी न आने से गुस्साए लोगों ने पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में जल निगम पर किया प्रदर्शन। ● अमृत विचार

# 9 बदमाशों को गुंडा एक्ट लगाकर किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने जनपद नैनीताल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से नौ बदमाशों को गुंडा घोषित करते हुए छह माह के लिए जिला बदर किया है। वहीं, पांच बदमाशों की ओर सुधार लाते हुए जीवन की मुख्य धारा में लौटने पर उनका गुंडा एक्ट का नोटिस निरस्त किया गया है।

डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नौ बदमाशों को गुंडा घोषित किया गया है, उन्हें छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन का दावा है कि इन सभी व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास गंभीर है और इनकी गतिविधियां क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही थीं। इसी आधार पर इन्हें छह माह के लिए जनपद नैनीताल की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, पांच बदमाशों ने जरायम की दुनिया छोड़कर सादगी पूर्ण जीवन यापन कर रहे हैं, इस पर पांच के गुंडा एक्ट के नोटिस निरस्त किए गए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी। जिन लोगों के व्यवहार में सुधार देखा जाएगा, उन्हें कानून के दायरे में राहत भी दी जाएगी।

# 36 लाख की स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

- यूपी से नशे की खेप ला रही ती जोया, जालसाजी में भी है माहिर
- महिला के पास से बरामद हुई 132 ग्राम स्मैक

**अमृत विचारः** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नैनीताल पुलिस ने नशा माफियाओं के लिए अभियान और तेज कर दिया है। पुलिस ने एक महिला तस्कर को दबोचा है। पकड़ी गई महिला के पास से 132 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 36 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि महिला यूपी से नशे की यह बड़ी खेप लेकर बनभूलपुरा लौट रही थी। सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान 27 मार्च को एफटीआई के पास पुलिस टीम मुस्तैद थी। इसी बीच संदिग्ध अवस्था में आ रही एक महिला को रोककर जब महिला पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार महिला की पहचान 30 वर्षीय जोया खान पत्नी मजहर आलम के रूप में हुई है, जो वर्तमान में फ्रेंड्स कॉलोनी, गौजाजाली (थाना बनभूलपुरा) की निवासी है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित महिला का पति शाहजहांपुर में एक कोल्ड्रिंक फैक्ट्री में काम करता है, जबकि वह यहां अपने मुंहबोले भाई के साथ रहकर नशे के अवैध कारोबार को अंजाम दे रही थी।

पुलिस जांच में जोया खान का पुराना आपराधिक इतिहास भी बेहद गंभीर मिला है। आरोपित महिला के खिलाफ पूर्व में हल्द्वानी और मुखानी थाने में धारा 420 के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं। वह नकली सोना दिखाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की सक्रिय सदस्य रही है। एसएसपी नैनीताल ने इस बड़ी कामयाबी पर पुलिस व एसओजी टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब उन संपर्कों की तलाश कर रही है जिन्हें यह खेप सप्लाई की जानी थी।



बहुउद्देशीय भवन में स्मैक तस्करी का खुलासा करते सीओ, पीछे खड़ी आरोपी महिला।

# जोया व कनिका ने पुरुष तस्करों को भी छोड़ा पीछे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस ने 2026 के शुरुआती तीन महीनों में जिले में कुल 14 मुकदमे दर्ज कर 18 तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है। इस दौरान पुलिस ने कुल 901.242 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 66 लाख 30 हजार आंकी गई है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध धंधे में महिलाएं भी बड़े स्तर पर सक्रिय हैं। पुलिस आंकड़ों के अनुसार कुल बरामदगी में से करीब एक तिहाई हिस्सा महज दो महिला तस्करों के पास से मिला है। इन दोनों महिलाओं से कुल 335 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसमें बीते बुधवार को कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम को मिली, जब उन्होंने उधमसिंह नगर के शिव नगर ट्रांजिट कैंप निवासी 40 वर्षीय कनिका पत्नी विजय को गिरफ्तार किया। कनिका के कब्जे से 203 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये है। वहीं, 27 मार्च को एफटीआई के पास से पकड़ी गई बनभूलपुरा निवासी जोया खान के पास से 132 ग्राम स्मैक मिली, जिसकी कीमत 36 लाख 30 हजार रुपये है।

> नशे के खिलाफ हमारी कार्रवाई लगातार जारी है। महिलाओं का नशा तस्करी में सक्रिय होना चिंता का विषय है, लेकिन हम सतर्क हैं। दोनों महिला तस्करों की गिरफ्तारी बड़ी सफलता है और इससे स्पष्ट संदेश जाता है कि नशा तस्करी में कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।
> **–अमित कुमार सैनी**, सीओ हल्द्वानी

**बोर्ड बैठक** | जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में राजस्व वृद्धि व वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए तारबाड़ समेत कई मुद्दों पर लगी मुहर

# जिला पंचायत : वर्ष 26–27 के लिए 77 .48 करोड़ का बजट पारित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला पंचायत नैनीताल की बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 77.48 करोड़ का बजट पारित किया गया। साथ ही जिला पंचायत के राजस्व वृद्धि के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन हुआ।

शनिवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवाहियों की पुष्टि पर विचार हुआ। इसमें जिला पंचायत की परिसंपत्तियों के किराया की दरों को पुनरीक्षित करने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने मानदेय बढ़ाने की मांग सदन में रखी। इस संबंध में अध्यक्ष ने उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर अग्रिम कार्यवाही के लिए शासन को भेजने का आश्वासन दिया। वहीं, जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वन क्षेत्र से लगे ग्रामीणों व किसानों को जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए ऐसे सभी क्षेत्रों में तारबाड़ के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। जिपं अध्यक्ष दरम्वाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि कूड़ा निस्तारण के क्षेत्र में ठोस नीति बनाई जाए। दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े का निस्तारण व्यवस्थित ढंग से किया जा सके ताकि कूड़े को रीसाइकल कर फिर से उपयोगार्थ बनाया जा सके। बैठक में पार्किंग व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से व्यवस्थित करने और जिला पंचायत नैनीताल के अंतर्गत स्थित दुकानों का किराया बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिला पंचायत की ओर से किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों में तेजी लाने पर भी चर्चा हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का 77.48 करोड़ का बजट पारित किया गया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, डीकर सिंह मेवाड़ी, छवि कांडपाल वोरा, अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार रहे।



सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में मौजूद जिपं अध्यक्ष दीपा दरम्वाल व अन्य। ● अमृत विचार

# महिला मोर्चा ने किया मंडल वार शक्ति पूजन कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भाजपा महिला मोर्चा, उत्तराखंड द्वारा चैत्र नवरात्रि एवं नव संवत्सर के अवसर पर मंडल वार पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के सभी 304 मंडलों में आयोजित इस व्यापक अभियान के अंतर्गत 17,600 मातृशक्ति ने सहभाग किया एवं 3,390 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि यह अभियान केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान, जागरण और संगठनात्मक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम है। चैत्र नवरात्रि के पावन दिनों में मां दुर्गा की आराधना के साथ महिलाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण कराना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य रहा। उन्होंने बताया इस विशेष अभियान में प्रदेशभर में अभूतपूर्व जनभागीदारी देखने को मिली। मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक महिलाओं को जोड़ने के लिए कीर्तन मंडलियों और महिला मंगल दलों द्वारा भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामूहिक शक्ति पूजन का आयोजन किया गया, जिससे न केवल आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हुआ, बल्कि महिलाओं में संगठन के प्रति आत्मीयता और एकजुटता भी सुदृढ़ हुई।

# जहर खाने से गंभीर हुए युवक ने तोड़ा दम

**हल्द्वानीः** सितारगंज के पास शक्तिफार्म के एक 20 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में 22 मार्च को जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन फानन में स्वजन ने युवक को पास के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।

हालत में सुधार नहीं होने पर युवक को अगले दिन हल्द्वानी के डा. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार वार्ड-5 टैगोर नगर शक्तिफार्म निवासी 20 वर्षीय सुजीत मंडल ने का अस्पताल में छह दिनों तक उपचार चला। इसके बाद युवक ने शुक्रवार रात दम तोड़ दिया। मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी रविंद्र राणा ने बताया कि शनिवार को युवक का पोस्टमार्टम कर शव स्वजन को सौंप दिया है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# स्कूल बस के किराये में वृद्धि का किया विरोध

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर परामर्श विधि परिवार एवं अधिवक्ता पूरन पांडे ने राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखंड द्वारा राज्य में संचालित स्कूल बसों एवं स्कूल वैन के लिए किराया निर्धारण संबंधी आदेश जारी का विरोध किया है। उन्होंने इस आदेश को लेकर अभिभावकों एवं आमजनमानस में आक्रोश नजर आ रहा है।

अधिवक्ता पूरन पांडे ने इस निर्णय पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे मनमाना और अव्यवहारिक बताया है। उनका कहना है कि बिना व्यापक जनसुनवाई एवं हितधारकों से समुचित परामर्श के इस प्रकार का शुल्क निर्धारण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। रामनगर परामर्श विधि परिवार के सदस्य एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता मनु अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय अभिभावकों के संवैधानिक अधिकारों, विशेषकर समानता एवं न्यायसंगत व्यवहार के अधिकार का उल्लंघन कर सकता है। अतः इस पर पुनर्विचार आवश्यक है।

परामर्श विधि परिवार ने यह भी बताया कि शीघ्र ही एक अभिभावक संघ का गठन कर संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष इस विषय को विधिक एवं प्रशासनिक स्तर पर उठाया जाएगा, ताकि आमजन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। विरोध दर्ज कराने में अधिवक्ता मनोज बिष्ट, फिरोज अंसारी, भूपाल रावत और गौरव गोला शामिल रहे।

## युवा वर्ग में अपनी मजबूत पकड़ व पहचान बना चुके हैं पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ लाखन सिंह नेगी

# लाखन के कांग्रेस में शामिल होने से बदले भीमताल के समीकरण

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचारः** भीमताल विधानसभा में इस बार चुनाव काफी रोचक होने के आसार हैं। एक ओर जहां दो बार के विधायक राम सिंह कैड़ा एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा से विधायक रह चुके दान सिंह भंडारी भी टिकट के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं। उनके इस अभियान में ओखलकांडा के ब्लॉक प्रमुख केडी रूबाली समेत भीमताल, धारी और ओखलकांडा क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं।

इसी बीच पूर्व ब्लॉक प्रमुख


लाखन सिंह नेगी। ● अमृत विचार

- पूर्व में भीमताल विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं लाखन नेगी
- वर्तमान विधायक राम सिंह कैड़ा को दी थी कड़ी टक्कर

रामगढ़ लाखन सिंह नेगी के कांग्रेस में शामिल होने से चुनावी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस से उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा है। वहीं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु, गोपाल सिंह बिष्ट और राकेश बजवासी भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। लाखन सिंह नेगी पहले भी भीमताल विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं।

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उन्होंने वर्तमान विधायक राम सिंह कैड़ा और तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी दान सिंह भंडारी को कड़ी टक्कर दी थी और तीसरा स्थान हासिल किया था। उनकी पत्नी पुष्पा नेगी भी ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। वे जिला पंचायत अध्यक्ष की दौड़ में भी शामिल रही थीं।

लाखन सिंह नेगी को युवाओं के बीच अच्छा समर्थन प्राप्त है। वर्तमान में कई युवा, भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा पत्रकारिता से जुड़े लोग उनके संपर्क में बताए जा रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रामगढ़ में एक प्रकरण को लेकर उनके आह्वान पर आधे घंटे के भीतर लगभग दस हजार लोग एकत्र हो गए थे, जिसके चलते पुलिस, राजस्व पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके से लौटना पड़ा। हालांकि बाद में इस मामले में कई राजनीतिक उतार-चढ़ाव भी देखने को मिले।

ज्ञात हो कि निर्दलीय चुनाव लड़ने के बावजूद लाखन सिंह नेगी ने रिकॉर्ड मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान विधायक राम सिंह कैड़ा को 25,632, कांग्रेस प्रत्याशी दान सिंह भंडारी को 15,788 और निर्दलीय प्रत्याशी लाखन सिंह नेगी को 12,508 मत प्राप्त हुए थे। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी निर्दलीय प्रत्याशी का 10 हजार से अधिक मत प्राप्त करना और बाद में किसी राजनीतिक दल में शामिल होना उसकी जीत की संभावनाओं को बढ़ा देता है।

# सरोवर नगरी सैलानियों से गुलजार

## होटल-गेस्ट हाउस पैक, पर्यटन व्यवसाय में उत्साह, कारोबारियों के चेहरे खिले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों सैलानियों का भारी सैलाब उमड़ पड़ा है। शनिवार को शहर के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर दिनभर खासी भीड़ देखने को मिली। नगर के अधिकांश होटल और गेस्ट हाउस पहले से ही पैक हो चुके हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर उत्साह और संतोष देखा गया।

शुक्रवार से ही पर्यटकों का पहुंचना शुरू हो गया था और यह सिलसिला शनिवार देर शाम तक जारी रहा। प्रशासनिक अनुमान के अनुसार नगर में आठ हजार से अधिक सैलानी पहुंच चुके हैं, जबकि दो हजार से ज्यादा पर्यटक वाहन शहर में प्रवेश कर चुके हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या से होटल, गेस्ट हाउस, ढाबे, कैफे, ट्रैवल एजेंसी और स्थानीय दुकानदारों के कारोबार में अच्छा इजाफा हुआ है। हालांकि, भारी भीड़ और वाहनों की अधिकता के कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मालरोड, मस्जिद चौराहा, स्नो व्यू मार्ग और मेट्रोपोल मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बन गई, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


नैनीताल में चहल-कदमी करते वीकेंड पर पहुंचे पर्यटक। ● अमृत विचार

यातायात पुलिस और नगर निगम द्वारा भीड़ नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विशेष छुट्टियों और पर्यटकों की अधिक संख्या के कारण चुनौती बनी हुई है।

पर्यटन स्थलों की बात करें तो स्नो व्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालय दर्शन और बोटैनिकल गार्डन में दिनभर सैलानियों की भीड़ उमड़ी रही। पंत पार्क में परिवार और बच्चे मस्ती करते नजर आए, वहीं नैनी झील में नौका विहार के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। कई पर्यटक अपने कैमरों में नैनीताल की खूबसूरत झील, हरियाली और पर्वतीय दृश्यों को कैद करते रहे। स्थानीय व्यवसायियों ने बताया कि होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह भरे हुए हैं और कई व्यवसायियों को अतिरिक्त बिस्तर और व्यवस्थाएं करने में भी कठिनाई हो रही है। कई पर्यटक अपने लिए लंबी अवधि के लिए होटल बुकिंग कर चुके हैं, जिससे पर्यटन उद्योग को अच्छी आय होने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की भीड़ केवल पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा नहीं देती, बल्कि स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए भी चुनौती बन जाती है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सभी पर्यटक पार्किंग नियमों और मार्गदर्शन का पालन करें और शहर की साफ-सफाई तथा सुरक्षा बनाए रखें। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार रविवार को भी पर्यटकों की आमद जारी रहने की संभावना है। इसके साथ ही आगामी गुड फ्राइडे और वसंत ऋतु की छुट्टियों के मौके पर और अधिक भीड़ बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासन ने भी अतिरिक्त सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। इस बीच, पर्यटक नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता, झीलों और हरे-भरे पहाड़ों का आनंद लेते नजर आए, और शहर की गलियों में खरीदारी, स्थानीय व्यंजन और मनोरंजन का पूरा अनुभव लिया।

## पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**भीमतालः** एचजी डिग्री कॉलेज भीमताल में अर्थ आवर के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा समाज में एकता और समरसता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अर्थ आवर हमें ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझने और पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ से अपील की कि वे ऊर्जा बचत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कहा कि यज्ञ जैसे आध्यात्मिक आयोजन वातावरण शुद्ध करने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और समरसता की भावना को भी मजबूत बनाते हैं। छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने यज्ञ में आहुति देकर पर्यावरण संरक्षण, शांति और एकता का संदेश दिया। सभी ने पृथ्वी की सुरक्षा, ऊर्जा बचत व सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। डॉ. बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र खाती, डॉ. भारती बुडलाकोटी, गणेश चन्द्र, शालिनी भारती, डॉ. मंजू नेगी, डॉ. बिनीता राय, रामकृष्ण आर्या, शीतल मौर्य, दिगम्बर खनेड़ा, नितिन भगवाल, सुरेन्द्र मेहरा, मुकेश आर्य, भुवन, तनुजा व दीपा रहे।

# ग्रामीणों को समस्याओं के समाधान दिया भरोसा


रामनगर में ग्रामीणों के साथ बैठक करते वन अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर प्रशासन द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम एवं वनाग्नि काल को लेकर स्थानीय लोगों के साथ समन्वय और जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जनसंवाद स्थापित करने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को प्रत्येक रेंज में प्रभाग दिवस आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में कार्बेट की सर्पदुली रेंज के अंतर्गत पार्क वार्डन बिंदर पाल के नेतृत्व में गर्जिया क्रू स्टेशन में प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने अपनी प्रमुख समस्याएं रखीं, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-309 के पास कूड़े के निस्तारण के लिए वेस्ट वॉरियर संस्था की गाड़ी के समय और सायरन को व्यवस्थित करने, होटलों में तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम बजाने पर नियंत्रण, कूड़ेदान की व्यवस्था तथा क्षेत्र में बंदर, कुत्ते और गाय जैसे पशुओं की बढ़ती संख्या शामिल रही। ग्रामवासियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बैठक में रेंजर संजय कुमार पांडे ने कहा मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम एवं वनाग्नि संबंधी किसी भी आपात स्थिति में वन विभाग की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

इस दौरान पार्क वार्डन बिंदर पाल, रेंजर संजय कुमार पांडे, ग्राम प्रधान खष्टी देवी, राजेंद्र सिंह छिम्वाल, जितेंद्र सिंह नेगी, धर्मपाल सिंह नेगी, मुकेश सिंह, जगदीश चंद्र आर्या, पंकज रावत, चंदन सिंह बिष्ट रहे।

# मार्ग के डामरीकरण का कार्य शुरू

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचारः** भीमताल विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की स्थिति सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कसियालेख-चौखुटा-पोखराड-धारी मोटर मार्ग पर 5 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से होने वाले डामरीकरण एवं सुधार कार्य का विधिवत शुभारम्भ किया।

यह मोटर मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और पर्यटकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार सड़क सुधार की मांग उठाई जा रही थी। जनभावनाओं को देखते हुए मंत्री कैड़ा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह कर इस मार्ग के लिए धनराशि स्वीकृत कराई गई। कार्य के शुभारम्भ अवसर पर मंत्री कैड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डामरीकरण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रीय जनता को शीघ्र राहत मिल सके। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार धारी ब्लॉक के सुंदरखाल, लेटीबुंगा, सुनकिया, बूढ़ीबना, लोद और गल्ला समेत कई गांवों में पहुंचे मंत्री कैड़ा का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। मंत्री कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल ब्लॉकों में क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों का लगातार डामरीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध जिसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।


डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

## बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू

**रामनगरः** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की लगभग 12 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 29 मूल्यांकन केंद्रों पर शुरू हो गया है। दूसरे दिन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गति पकड़ ली गई।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि प्रदेश भर में लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 29 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 10 अप्रैल तक किया जाएगा।लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए हाईस्कूल में 1457 परीक्षक, 160 उप प्रधान परीक्षक, 320 अंकेक्षकों की नियुक्ति की गई है।इण्टरमीडिएट में 1298 परीक्षक, 143 उप प्रधान परीक्षक, 284 अंकेक्षकों की नियुक्ति की गयी है।

# लोगों को समय से मिले गैसः विधायक


रसोई गैस की समस्या को लेकर एसडीएम के साथ बैठक करते विधायक व भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** खाड़ी में युद्ध की परिस्थितियों के बीच रसोई गैस को लेकर उत्पन्न समस्या को देखते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय में विधायक और भाजपा पार्टी संगठन की पहल पर एक बैठक हुई। बैठक में रामनगर में कुल गैस सिलेंडर की उपलब्धता और बैकलॉग, होम डिलीवरी सुनिश्चित करवाने, उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद जल्दी गैस उपलब्ध करवाने, कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाने को लेकर निर्देश दिए गए।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि जनमानस घरेलू गैस के लिए परेशान न हो इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाए साथ ही कमर्शियल सिलेंडर भी होटल, ढाबे ओर रिसॉर्ट को समय पर दिए जाने को लेकर पालिसी तय की जाए। इस दौरान विधायक दिवान सिंह बिष्ट, एसडीएम गोपाल चौहान, कोतवाल सुशील कुमार, पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र तिवारी, गैस मैनेजर दीपक आर्य, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, विनीत शर्मा, भरत तिवारी आदि रहे।

**समस्या** धानाचूली में जंगली सूअरों का बढ़ता आतंक किसानों के लिए बना बड़ी मुसीबत

# एक रात में ही कर दी आलू की फसल चौपट, किसान परेशान

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों में खेती अब केवल मौसम की मार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि जंगली जानवरों का बढ़ता आतंक किसानों के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। धानाचूली और आसपास के गांवों में जंगली सूअरों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बीती रात जंगली सुअरों के झुंड ने करीब 10 नाली में लगी आलू की फसल पूरी तरह बर्बाद कर दी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

स्थानीय किसान हरीश सिंह और गणेश सिंह ने बताया कि उन्होंने दो बार आलू की बुवाई की थी और करीब 25 हजार रुपये का बीज लगाया था, लेकिन एक ही रात में पूरी फसल नष्ट हो गई। अब स्थिति यह है कि घर की जरूरत के लिए भी आलू नहीं बचा है। किसानों का कहना है कि जंगली सूअरों के लगातार बढ़ते हमलों से वे खेतों को बंजर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्या को लेकर न तो सरकार ने कोई ठोस कदम उठाया है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनकी सुध ली है। क्षेत्र में सुअरों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे खेती करना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है।

किसानों ने प्रशासन से जल्द क्षेत्र का सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए घेराबंदी, सौर फेंसिंग जैसे स्थायी समाधान लागू करने की मांग भी उठाई है।


मैंने दो बार आलू की बुवाई की, लेकिन जंगली सूअरों ने करीब पांच नाली की फसल बर्बाद कर दी। 73 साल की उम्र में ऐसा आतंक पहले कभी नहीं देखा। पिछले दो-चार सालों में स्थिति बेहद खराब हुई है। सरकार को सर्वे कर उचित मुआवजा देने के साथ खेतों की घेराबंदी करनी चाहिए। -**पूरन सिंह**, बुजुर्ग किसान, धानाचूली


बीती रात मेरी पूरी आलू की फसल चौपट हो गई। अब दोबारा बुवाई भी संभव नहीं है क्योंकि बीज उपलब्ध नहीं होगा। सरकार को सुअरों और बंदरों से फसल बचाने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए। -**राजेन्द्र सिंह**, किसान, धानाचूली


धानाचूली में सूअरों द्वारा खोदा गया आलू का खेत। ● अमृत विचार

# नदी में केमिकल डालकर मछलियां मारने का आरोप

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत अमृतपुर-जमरानी क्षेत्र में गौला नदी में अचानक बड़ी संख्या में मछलियों के मरने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। बताया जा रहा है कि नदी में भारी संख्या में मछलियां मृत मिल रही हैं। लोगों का आरोप है कि जमरानी डैम का निर्माण कर रही कंपनी के कर्मचारी केमिकल डालकर मछलियों को मार रहे हैं। इसके चलते गौला नदी में बड़ी और छोटी दोनों प्रकार की मछलियां मृत अवस्था में बहती दिख रही हैं। डहरा के ग्राम प्रधान मनोज चनोतिया ने बताया कि मरी हुई मछलियां कई किलोमीटर तक नदी में बहती दिखाई दे रही हैं। शीश महल से लेकर नीचे तक बड़ी मछलियों के साथ ही उनके बच्चे भी मृत पाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमरानी क्षेत्र में काम कर रहे मजदूर इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके बीमार होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी कंपनी के कर्मचारियों को इस तरह की गतिविधियां न करने की चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह कार्य जारी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि केमिकल डालकर मछलियों को मारने की घटनाएं बंद नहीं हुईं, तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## सिटी ब्रीफ

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी दी

**हल्द्वानी :** राजकीय इंटर कॉलेज राजपुरा में शनिवार को कॅरियर मार्गदर्शन और किशोर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को कक्षा 10 व 12 के बाद कॅरियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार योजनाओं और इंटरनेट के सही उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही चिकित्सा अधिकारी ने छात्राओं को किशोरावस्था से जुड़े स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सेवायोजन अधिकारी प्रियंका गढ़िया, सांख्यिकी अधिकारी खजान चन्द्र पाठक और चिकित्सा अधिकारी सीमा ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य गौरव सिंह कार्की समेत स्कूल स्टाफ, अभिभावक संघ के पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विक्रम ने जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**ज्योलीकोट :** समाजसेवी विक्रम सिंह धामी ने अपने जन्मदिन को यथार्थपरक बनाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उनका कहना है कि आजकल युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन को त्याग और सेवा का प्रतीक बनाते हुए इसे एक संदेश के रूप में प्रस्तुत किया। इस शिविर में कुल 32 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस मौके पर निशांत परिहार, पुष्कर जोशी, ध्यान सिंह बिष्ट, कुंदन बिष्ट, सिंकदर खान, दीप जीना और जगदीश पाठक सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव में रिकॉर्ड 87.3 फीसदी मतदान हुआ

## अध्यक्ष और सचिव के साथ ही 11 पदों के लिए अधवक्ताओं ने उत्साह के साथ डाले वोट



हल्द्वानी में बार एसोसिएशन चुनाव के दौरान मतदान के लिए कतार में खड़े अधिवक्ता। ● अमृत विचार




मतपेटियों में मतपत्र डालते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव यहां उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव समेत कुल 11 पदों के लिए अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

शनिवार को प्रातः 8 बजे जजी परिसर में मतदान शुरू हुआ। अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। बार एसोसिएशन के चुनाव में रिकॉर्ड मतदान हुआ। कुल 1324 मतदाताओं में से 1156 मत पड़े, जिससे 87.3 प्रतिशत मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए विभिन्न उम्मीदवार मैदान में थे।

अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार गोविंद सिंह बिष्ट और किशोर पंत आमने-सामने रहे। उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए ललित मेर और जितेन्द्र विष्ट जबकि उपाध्यक्ष महिला पद के लिए निशा आर्या और बंसती बिष्ट मैदान में थीं। इसी तरह सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार कुंदन सिंह बिष्ट, सौरभ बिष्ट, विनीत परिहार और मोहन सिंह बिष्ट चुनावी मुकाबले में शामिल थे। चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रही। इस बार रिकॉर्ड उच्च मतदान ने बार एसोसिएशन के सक्रिय सदस्यता और चुनाव में उत्साह को दर्शाया। अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के बाद देर रात तक विजेताओं की घोषणा की जाएगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वरिष्ठ वकीलों और चुनाव आयोग की टीम मौजूद रही। इस चुनाव में उम्मीदवारों के बीच मुकाबला कड़ा रहा और सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। महिला अधिवक्ताओं ने भी चुनाव में बढ़चढ़कर भागीदारी की। युवा अधिवक्ताओं के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता भी मतदान के लिए पहुंचे। रात्रि साढ़े दस बजे तक सात राउंड की मतगणना पूरी हो गई थी। इसके बाद देर रात तक विभिन्न पदों के लिए मतगणना का कार्य जारी रहा। इस दौरान जजी परिसर में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मतदान के दौरान प्रत्याशी अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करते देखे गए।

### बागेश्वर-रूद्रप्रयाग जिलों में खुलेंगे नये डिग्री कॉलेज

**हल्द्वानी :** प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार के तहत दो नए सरकारी कॉलेज खोले जा रहे हैं। बागेश्वर जिले के काफलीगैर क्षेत्र में प्रस्तावित नए कॉलेज के लिए भूमि चयन प्रक्रिया चल रही है, जबकि रूद्रप्रयाग के तेगाड (लोस्तु बडियार) में कॉलेज भवन का निर्माण पूरा होने तक नया कॉलेज अस्थायी रूप से राजकीय हाई स्कूल धड्डी घंडियाल में चलाया जाएगा।

आगामी शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत होगी। शुरुआत में कॉलेज अस्थायी भवन में 5 कक्षाओं के साथ चलेगा। वहीं, बागेश्वर के काफलीगैर में बनने वाला कॉलेज जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर बनाया जाएगा। क्षेत्र में 16 किलोमीटर के दायरे में 6 राजकीय इंटर कॉलेज हैं। पिछले तीन सालों के आंकड़ों के अनुसार, इन स्कूलों में साइंस और आर्ट विषयों में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या पर्याप्त है, जिससे नए कॉलेज में लगभग 300 छात्रों के प्रवेश होने की संभावना है। कॉलेज के लिए न्यूनतम एक हेक्टेयर निशुल्क भूमि की जरूरत है। ग्राम पंचायत ओखलसिरौद में 100 नाली भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया है। प्रभारी उच्च शिक्षा निदेशक वीएन खाली ने प्राध्यापक डॉ. सुबोध कुमार को कॉलेज के संचालन को लेकर व्यवस्थाएं जुटाने के लिए निर्देश दिए हैं।

# आत्मविश्वास सफलता की कुंजी : डॉ. मंद्रवाल



डीएसबी परिसर में कार्यशाला के दौरान अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में आयोजित कार्यशाला में आंतरिक शांति व खुशी विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस मौके पर डॉ. मंद्रवाल ने कहा कि जीवन में सकारात्मक रहना और स्वयं पर विश्वास बनाए रखना सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में संतुलन और मानसिक सुदृढ़ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुलता नयाल ने आंतरिक शांति और खुशी विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. नयाल ने हिडन बैगेज यानी छिपे हुए भावनात्मक बोझ पर चर्चा करते हुए क्रोध प्रबंधन और बचपन के भावनात्मक उपचार (चाइल्डहुड हीलिंग) की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में पैसेंजर्स ऑन अ बस शीर्षक से रोल-प्ले गतिविधि में छात्रों ने प्रकृति, परिवार, मित्र, समाज, लक्ष्य और संज्ञानात्मक मन जैसी भूमिकाएं निभाईं।

डॉ. ललित तिवारी ने कहा कि हमारे विचार ही हमारे जीवन को आकार देते हैं, इसलिए सकारात्मक सोच अपनाना आवश्यक है। कार्यशाला में डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल और डॉ. मधुलता नयाल को सम्मानित किया गया। डॉ. नवीन पांडे, डॉ. प्रभा पंत, डॉ. हेम जोशी, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ. सीता, डॉ. उजमा सहित वंदना, दिशा, पिंकी दानी, कुंदन, अजय रहे।

# छह कैंपों में जमा हुए तीन हजार फार्म

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में लगे कैंप में प्रधानमंत्री आवास योजना फार्म जमा करते लोग।

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में प्रधानमंत्री आवास योजना के 3000 से अधिक फार्म जमा हो गए हैं हालांकि डोर टू डोर डिस्ट्रिब्यूशन व छह कैंपों से सात हजार फार्म वितरित किए गए हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का दावा है कि 31 मार्च तक सभी प्रभावितों के फार्म जमा हो जाएंगे, यदि जरूरत पड़ती है तो कैंप की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में छह सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाकर पीएम आवास योजना के फार्म वितरण व जमा किया जा रहा है। प्रभावितों को इस योजना के बारे में बताया जा रहा है। डोर टू डोर वितरण व कैंपों से करीब सात हजार से अधिक फार्म बांटे गए हैं। अब तक 3000 से अधिक फार्म जमा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से कैंपों में फार्म जमा करने वालों की भीड़ बढ़ गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 31 मार्च तक आवेदन जमा होंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशासन, नगर निगम का प्रयास है कि इस तिथि तक ही सभी फार्म जमा करवा लें। सचिव त्रिपाठी ने कहा कि अफवाहें हैं कि 31 मार्च को कैंप बंद हो जाएंगे और तब तक फार्म जमा नहीं किया तो परेशानी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक एक-एक प्रभावित के फार्म जमा नहीं हो जाते हैं तब तक उनका काम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जनता की सहूलियत के लिए सभी कैंपों में नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं।

### वरिष्ठ जनों का सम्मान कर साझा किए अनुभव

**हल्द्वानीः** ऑल इंडिया वूमेन्स कॉन्फ्रेंस नारी शक्ति शाखा की ओर से शनिवार को वरिष्ठ जन सम्मान समारोह एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री शांति मेहरा, विशिष्ट अतिथि राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गोदावरी जोशी, अधिवक्ता भावना बुखानी और पूर्व राज्य मंत्री निर्मला गहतोरी को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। वरिष्ठ जनों ने अपने जीवन के अनुभव साझा कर नई पीढ़ी का मार्गदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष विमला सांगुड़ी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन सचिव नीरजा बोरा और कोषाध्यक्ष कामिनी पाल ने किया। इस दौरान नीमा रावत, कुसुम दिगारी, हेमा नेगी आदि रहे।

# सड़क अधूरी काटने पर विभाग व ठेकेदार तलब

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



जनसमस्याओं पर सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने भूमि-सड़क विवाद, अवैध निर्माण, धोखाधड़ी, पेयजल, पारिवारिक विवाद, विकलांगता प्रमाण पत्र जैसी शिकायतों का त्वरित समाधान किया।

जनता मिलन में आयुक्त रावत को शिकायतकर्ता मनोज मनराल निवासी न्यू आदर्श कॉलोनी ने कॉलोनी में आने जाने वाले गेटों के विवाद को उठाया। इस पर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया। शिकायतकर्ता प्रदीप चंद जोशी निवासी बद्रीपुरा ने भूमि विक्रय होने में आ रही समस्या रखी। इस पर आयुक्त ने राजस्व विभाग को शीघ्र ही मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता राजप्रीत कौर पत्नी स्व अनूप सिंह निवासी बाजपुर ने खतौनी निर्गत में आ रही दिक्क्तें बताईं।

विनोद व समस्त ग्राम प्रधान घुघु सिगड़ी ने घूनघूखान सौड़ मोटर मार्ग से हरियाल मोटर मार्ग के निर्माण में हो रही विलंब की समस्याओं को रखा। आयुक्त लोनिवि ईई से प्रकरण की जानकारी लेते हुए अगले सप्ताह तक इस संबंध में पूरी रिपोर्ट के साथ संबंधित ठेकेदार के साथ पेश होने के निर्देश दिए। विक्रम कुमार ग्राम प्रधान घुघू सिगड़ी कोटाबाग ने पंगोट से कुंजाखरक मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग की। इस पर लोनिवि नैनीताल डिवीजन को ठोस कार्रवाई करने के आदेश दिए। शकुंतला देवी पत्नी मनीष साहू ने स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया। शांति पत्नी स्व. सतीश निवासी गौलापार ने बैंक से लोन लेने के लिए समस्याएं उठाईं। हेमलता लखेड़ा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुरपाताल में स्कूल के खेल के मैदान में अतिक्रमण की शिकायत की। आयुक्त ने कहा कि वह स्वयं भी विद्यालय का निरीक्षण करेंगे।



एसकेएम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व अन्य। ● अमृत विचार

### एसकेएम के राहुल बने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। जिसमें शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के छात्र राहुल मेलकानी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले और खेल, सांस्कृतिक, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिए गए। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को नए सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अन्य आधुनिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# कठघरिया-पनियाली सड़क के कार्य की गुणवत्ता की जांच करें

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार के साथ कठघरिया से पनियाली तक निर्माणाधीन सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रधान कपिल देवका ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इस पर विकास भगत ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ईई को तकनीकी टीम बुलाकर विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए। बजूनिया हल्दू के प्रधान दिनेश जोशी ने सड़क पर नई पुलिया निर्माण की मांग की। इस पर प्रवक्ता ने तीन नई पुलिया बनाने तथा दो स्थानों पर पुलिया चौड़ीकरण के लिए कहा। वहीं, बूथ अध्यक्ष कैलाश बिष्ट ने पानी लाइन से लीकेज का शिकायत की। इस पर विकास ने फोन पर जल संस्थान अधिकारियों से वार्ता की और तत्काल शिकायत का संज्ञान लेते हुए समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अक्षय सुयाल, दिलीप बिष्ट, घनश्याम सुयाल, कैलाश बिष्ट, गोविन्द दानू, भुवन कर्नाटक, दीवान भैसोड़ा, किशन डांगी रहे।



सड़क का निरीक्षण करते प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत साथ में ईई प्रत्यूष कुमार।

### व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने पर किया मंथन

**हल्द्वानी :** जिला उद्योग केंद्र में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत केंद्र की विश्व बैंक पोषित रैम्प कार्यक्रम के अन्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर मंथन हुआ।

शनिवार को जिला उद्योग केंद्र सभागार में हुई एक दिवसीय कार्यशाला में जनपद के अंतर्गत उद्यमियों, इकाईयों, संस्थाओं आदि को वित्त, तकनीकि उन्नयन, विपणन सहयोग एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण से लाभान्वित करना है। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों को रैम्प योजना व कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में लगभग 90 उद्यमियों/इकाईयों, संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रबंधक रॉबिन सिंह, हरी शंकर पांडे आदि रहे।

# महिला क्रिकेट, कुश्ती व जूडो के कोच होंगे तैनात

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** नैनीताल जिले में नए खेल सत्र 2026-27 से महिला क्रिकेट कोच के साथ-साथ कुश्ती और जूडो के कोचों की तैनाती की जाएगी। इसको लेकर खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग की ओर से इन कोचों की नियुक्ति के लिए जल्द ही डीएम को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

हल्द्वानी में बालिकाओं के प्रशिक्षण के लिए महिला क्रिकेट कोच मिलने की उम्मीद जगी है। इसके अलावा जिलेभर में क्रिकेट, एथलेटिक्स, तैराकी, बैडमिंटन, सेपक टकरा, ताइक्वांडो, जु-जित्सु, फुटबाल आदि खेलों में कुल 36 कोच पहले ही तैनात हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि नए खेल सत्र से तीन नए कोचों की नियुक्ति की जाएगी। यह प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों की ओर से भेजा गया है। इसे प्रशासन और शासन तक पहुंचाया जाएगा। शासन से महिला क्रिकेट कोच की स्वीकृति मिलने के बाद इन्हें तैनात किया जाएगा। इसके लिए जिला खेल कार्यालय में वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। इंटरव्यू में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की खेल योग्यता के आधार पर जिला स्तरीय समिति चयन करेगी। इसके बाद खेल प्रशिक्षकों की आधिकारिक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### लालकुआं में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**लालकुआंः** नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल द्वारा कल, रविवार को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर नगर के वार्ड नंबर पांच स्थित एक पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा।

मिल प्रबंधन द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। शिविर में खून की जांच, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी तथा फेफड़ों की जांच जैसी महत्वपूर्ण जाँचें मुफ्त में की जाएंगी। इसके अलावा, जनरल फिजिशियन, छाती रोग विशेषज्ञ, गुर्दा रोग, जनरल सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, न्यूरो फिजिशियन और स्त्री रोग विशेषज्ञ रहेंगे।

# राजस्व लोक अदालत में 722 वादों का किया गया निस्तारण

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नैनीताल जनपद में आयोजित राजस्व लोक अदालत में 722 वादों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनता को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राजस्व लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सहायक कलेक्टर द्वितीय धारी द्वारा धारा 34 एलआर एक्ट के 15 वाद सूचीबद्ध किए गए, जिनमें से 14 वादों का निस्तारण किया गया। सहायक कलेक्टर द्वितीय कैंचीधाम द्वारा 78 वादों के सापेक्ष 76 वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त धारा 28 भू-राजस्व अधिनियम के 2, धारा 33/47 स्टांप अधिनियम के 130, धारा 167 जमींदारी विनाश अधिनियम के 11, धारा 176 जमींदारी उन्मूलन एवं भू-सुधार अधिनियम के 16, धारा 33/39 भू-राजस्व अधिनियम के 17, धारा 229-बी जमींदारी उन्मूलन एवं भू-सुधार अधिनियम के 6, धारा 143 के 64, धारा 161 के 9, धारा 41 एलआर एक्ट के 7, धारा 126/135 बीएनएसएस के 76, धारा 131-ख के प्रकरणों सहित धारा 34 एलआर एक्ट के 383 मामलों का निस्तारण किया गया। कुल मिलाकर 722 वादों का निपटारा किया गया।

डीएम ने बताया कि "जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल" थीम के अंतर्गत 25 मार्च को आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में भी 575 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया था। उन्होंने कहा कि राजस्व लोक अदालत का आयोजन वर्षों से लंबित मामलों के समाधान के उद्देश्य से किया गया है। राजस्व संबंधी विवाद केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि इनके पीछे किसानों की भूमि, परिवारों की आजीविका और व्यक्तियों का आत्मसम्मान जुड़ा होता है।

### डिप्लोमा इंजीनियरों की हड़ताल जारी

**नैनीतालः** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को छठे दिन भी जारी रही। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर चल रही इस हड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में इंजीनियरिंग से जुड़े सभी कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, जिससे आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महासंघ के मंडल अध्यक्ष एसएस डंगवाल ने बताया कि लंबे समय से लंबित 27 सूत्रीय मांगों के समाधान न होने से इंजीनियरों में भारी आक्रोश है। इस दौरान दीप चंद्र चौधरी, मनमोहन बिष्ट, गोविंद सिंह जनौटी, तुला राम टम्टा, राजेंद्र गिरी, किशोर कुमार, जीसी जोशी, वंदना, वेद प्रकाश, शालू प्रजापति, मोहन सिंह, नीरज तिवारी, विवेक सिंह रहे।

# भारत युद्ध का नहीं, बुद्ध का देशः मांझी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** केंद्रीय लघु-कुटीर व मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को साफ संदेश दिया है कि भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कूटनीतिक सफलता के कारण ही मध्य पूर्व के युद्ध से देश के तेल व गैस आपूर्ति पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है। कहा कि लघु-कुटीर उद्योग ऐसा क्षेत्र है, जिसमें तेल व ऊर्जा की जरूरत नहीं होती, केवल मानव ऊर्जा की जरूरत होती है। लघु-कुटीर व मध्यम उद्योगों के माध्यम से 33 करोड़ लोगों को जॉब दिया गया है। शनिवार दोपहर बाद हल्द्वानी से नैनीताल पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बोट हाउस क्लब में बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व की बदौलत देश आर्थिक ताकत बन गया है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की कूटनीति साफ है, वह इजरायल भी गए और ईरान के साथ भी भारत के मजबूत संबंध है। मध्य पूर्व युद्ध से देश के गैस व तेल सप्लाई पर असर नहीं पड़ा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दाम बढ़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को राहत दिलाने के लिए पेट्रोल व डीजल में एक्साइज ड्यूटी कम की है। मांझी ने कहा कि कुछ लोग जमाखोरी कर कृत्रिम संकट पैदा करने की कोशिश करते हैं, लेकिन सरकार इस पर नजर बनाए हुए है।



नैनीताल पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितन राम मांझी। ● अमृत विचार

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### तथाकथित पत्रकार पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में पत्रकारिता की आड़ में धन उगाही का मामला सामने आया है। रॉयल रेजिडेंट बगवाड़ा निवासी चंद्रशेखर पांडेय ने विनोद कुमार नामक व्यक्ति पर आरोप लगाया कि वह खुद को न्यूज चैनल का पत्रकार बताकर प्रॉपर्टी के धंधे में अवैध हस्तक्षेप कर रहा था। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने सितंबर और अक्टूबर 2025 के दौरान कई बार फोन कर जान से मारने की धमकी दी और जबरन फिरौती मांगी। पुलिस द्वारा शुरुआती शिकायत पर कार्रवाई न करने के कारण पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अदालत के सख्त आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने साक्ष्य के तौर पर धमकी भरी कॉल रिकॉर्डिंग्स भी पुलिस को सौंपी हैं।

### तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**किच्छा :** कलकत्ता फार्म चौकी प्रभारी ओम प्रकाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी जरनैल सिंह (निवासी बाजपुर) को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# माफिया दंपती ने बेटे को किताब की जगह थमाई नशे की थैलियां

## मुठभेड़ में घायल शाकिर उर्फ नकटा देता था स्मैक, इंकार करने पर देते थे यातनाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली गदरपुर पुलिस की मुठभेड़ में घायल हुए नशा माफिया इतना शातिर है कि उसने अपने नाबालिग बेटे के हाथों में किताब की जगह नशे की थैलियां थमा दी थीं। जिसमें घायल अभियुक्त की पत्नी भी बराबर की जिम्मेदार है। कारण नशे का धंधा दंपती मिलकर संचालित करते हैं और कई मुकदमे में मुख्य अभियुक्त भी रहे हैं। यह भी पता चला कि जब बेटा तस्करी करने से इंकार करता था तो दंपती यातनाएं देकर उसे नशा सप्लाई करने का दबाव बनाते थे। वर्तमान में किशोर को तस्कर बना डाला। जिसकी गिरफ्तारी एसटीएफ की एएनटीएफ टीम ने की थी।

पिछले लंबे समय से पुलिस गिरफ्तारी से भाग रहे गदरपुर के नशा माफिया शाकिर अली उर्फ नकटा को 27 मार्च की देर रात्रि कुईखेड़ा मार्ग पर थाना गदरपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने के बाद घायल को पुलिस अभिरक्षा में भर्ती कराया गया और उपचार शुरू कर दिया। बता दें कि नशा माफिया शाकिर अली इतना शातिर है कि काला कारोबार



मुठभेड़ के बाद घायल अभियुक्त से मिलते एसपी क्राइम। ● अमृत विचार

में अपनी पत्नी शाहीन को भी सक्रिय कर रखा था। जिस किशोर बेटे के हाथों में शिक्षा की किताब देनी चाहिए थी, उसके हाथ में नशे की थैलियां थमा डाली। जिसका खुलासा 24 जनवरी 2026 को एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने करतारपुर रोड तिराहा पुलिस पर चेकिंग के दौरान नशा माफिया के किशोर बेटे को गिरफ्तार कर किया। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से भारी मात्रा में स्मैक की खेप भी बरामद थी। पूछताछ में किशोर ने बताया कि शुरुआती दौर में जब मां-बाप स्मैक सप्लाई करने को कहा तो उसने पढ़ने की इच्छा जाहिर की, लेकिन माता-पिता ने इंकार करते हुए कई बार बेरहमी से पीटा। समय का चक्र चलता रहा और माता पिता की वजह से वह नशा माफिया बना। खुलासे में एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि घायल नकटा के खिलाफ कई आपराधिक मामले में है। इसके अलावा कई मुकदमों खुद अभियुक्त की पत्नी भी नामजद है और थाना गदरपुर के करतारपुर गांव में अभियुक्त फेमस भी है। घायल अभियुक्त का उपचार चल रहा है और जल्द ही न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### गैंगस्टर में निरुद्ध हो चुके हैं माफिया दंपति

हमेशा अवैध हथियार रखना और नशा माफिया दंपती का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी है। जिसको लेकर तत्कालीन गदरपुर थाना प्रभारी व वर्तमान में एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने दंपति के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए आपराधिक इतिहास खोल दिया था। वर्ष 2016 से लेकर 2026 तक अभियुक्त के अलावा उसकी पत्नी शाहीन के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के अलावा एनडीपीएस सहित 10 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

> जिले में अपराधी हो या फिर नशा माफिया। उसके खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। शुक्रवार की देर रात्रि थाना गदरपुर में हुई मुठभेड़ के बाद माफिया शाकिर उर्फ नकटा को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में उपचार किया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारी को माफिया की संपत्ति रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है। कारण प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि अभियुक्त ने किशोर बेटे को माफिया बनाकर अकूत संपत्ति जुटा रखी है। जल्द ही रिपोर्ट सफिमा को भेजी जाएगी और संपत्ति कुर्क की कार्रवाई होगी। **–अजय गणपति कुंभार,** एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

## 13 माह से फरार चोर मुजफ्फरनगर से किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर:** पिछले 13 मार्च से चोरी मामले में फरार चल रहे शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया है और अभियुक्त के कब्जे से छह चोरी के मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं।

शनिवार को कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि 5 दिसंबर 2024 की देर रात्रि अग्रसेन चौक स्थित मोबाइल मंत्रा की दुकान पर अज्ञात चोर ने दुकान का शटर काटकर दस महंगे मोबाइल चोरी कर लिये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और अभियुक्त की सरगर्मी से तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिछले 13 माह के लंबे इंतजार करने के बाद 27 मार्च को मिली सूचना के आधार पर फौरन एक टीम को मुजफ्फरनगर रवाना की गयी। अभियुक्त अंजार निवासी गांव कुटेसरा चरथावल मुजफ्फरनगर यूपी के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और निशानदेही पर छह चोरी के मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त शामली का आदतन हिस्ट्रीशीटर है। जिसके खिलाफ वर्ष 2019 तक शामली व सिविल लाइन मुजफ्फरनगर में पांच और शामली में वर्ष 2025 में एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# विदेश में उत्पाद बेचने का झांसा देकर गबन

संवाददाता, रुद्रपुर

- न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू की

**अमृत विचार:** फूड प्रोडक्ट संचालक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पाद की बिक्री करने का झांसा देकर लाखों रुपये गबन किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फर्जी फर्म स्वामी सहित चार अभियुक्तों के खिलाफ गबन करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार द्वारका फूड प्रोडक्ट शिमला पिस्तौर मलसा रोड फर्म के विधिक सलाहकार रोहित अरोरा ने तहरीर देते हुए बताया था कि उनकी फर्म पिछले कई वर्षों से खाद्य पदार्थ जैसे पास्ता, आटा, सूजी सहित अन्य सामान का उत्पादन करती है। व्यापारियों व उपभोक्ताओं के आवश्यकतानुसार सप्लाई करती है। बताया कि 29 जुलाई 2024 को कंपनी डीजीएम एक्सपोर्ट अमित पुरवार से रितेश शुक्ला नाम के व्यक्ति ने संपर्क किया और खुद को एक्सपोर्ट वर्ल्ड नामक एजेंसी का प्रतिनिधि बताया।

फर्म एरा स्काई टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है। साथ ही बताया कि कंपनी के निदेशक निहाल सिंह व नेहा बाजपेई है जो कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सामान को भेजते हैं और 30 अंतर्राष्ट्रीय लीड व चार गोल्डन लीड देते हैं। अभियुक्त रितेश ने निर्यात प्रबंधक अभिषेक सिंह से भी बातचीत कराई और बातों पर विश्वास करते हुए सारे दस्तावेज तैयार कर 5 अगस्त 2024 को पैनागो इम्पेक्स शिकागो यूनाइटेड स्टेट से 200 मीट्रिक टन पास्ता की लीड प्रदान की।

अभियुक्तों के कहने पर सारी प्रक्रिया में काफी खर्च आया। जब ऑर्डर देने के बाद 2.7 लाख रुपये का भुगतान नहीं दिया तो कंपनी प्रतिनिधि कानपुर गया। जहां एक अखबार में छपी खबर से पता चला कि अभिषेक सिंह निदेशक धोखाधड़ी में गिरफ्तार हो चुका है और अभियुक्त ने गिरोह के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापार करने का झांसा देकर ठगी की है।

अधिवक्ता ने तहरीर देते हुए कंपनी के मालिक निहाल सिंह राठौर, नेहा बाजपेई, रितेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, अभिजीत वर्मा, शेखर शेखावत सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है।

# समय पर न्याय सरकार की प्राथमिकता

- जिलाधिकारी ने लगायी राजस्व लोक अदालत
- भूमि विवादों के साथ होगा अन्य विवादों का समाधान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राजस्व लोक अदालत लगाई और कई वादों को सुना। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जनता के राजस्व वादों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि के मूल मंत्र के साथ



राजस्व लोक अदालत में वादों की फाइलों को देखते डीएम। ● अमृत विचार

राजस्व लोक अदालत की अभिनव पहल प्रारंभ की है। इस पहल के तहत भूमि विवादों के अतिरिक्त आबकारी, खाद्य, स्टाम्प, सरफेसी एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं रेंट कंट्रोल एक्ट से संबंधित मामलों का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोक अदालत की प्रमुख विशेषताएं हैं। जहां सभी पक्षों को सुनकर संवेदनशीलता के साथ न्याय किया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकल्प रहित संकल्प के साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के क्रम में समस्त राजस्व वाद को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।

## पत्रकार पर मुकदमा दर्ज करने का विरोध

**सितारगंज:** खटीमा में रसोई गैस किल्लत की खबर दिखाने पर पत्रकार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने से क्षेत्र के पत्रकारों में भारी रोष है। शनिवार को सितारगंज के पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। पत्रकारों का कहना है कि गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के बजाय, सच दिखाने वाले की आवाज दबाना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों व ठेकेदारों के बजाय पत्रकार पर हुई कार्रवाई वापस नहीं ली गई, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर शंकर दत्त शर्मा, राजेंद्र तिवारी, राहुल कनौजिया, कासिम अंसारी, अविनाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# कागजों में डिलीवर हो गया विधायक का सिलेंडर

- दुआ गैस एजेंसी में सिलेंडरों का बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर, दर्जनों उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी

संवाददाता रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भूरारानी मोड़ स्थित दुआ गैस एजेंसी में गैस सिलेंडरों की बुकिंग और डिलीवरी को लेकर एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस मामले में खुद क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा की पत्नी समेत कई प्रतिष्ठित उपभोक्ता और भाजपा नेता कालाबाजारी का शिकार हुए हैं। एजेंसी से गैस सिलेंडर बुक होकर कागजों में तो डिलीवर हो गए, लेकिन असल में वे उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचे ही नहीं।

विधायक शिव अरोरा की पत्नी सीमा अरोरा ने 18 मार्च को गैस



दुआ गैस एजेंसी में महिला को समझाते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

बुकिंग कराई थी, जिसका डीएससी नंबर भी था। उसी दिन उनके मोबाइल पर गैस डिलीवर होने का मैसेज भी आ गया, जबकि सिलेंडर घर नहीं पहुंचा। जब विधायक स्वयं दुआ गैस एजेंसी पहुंचे, तो वहां पहले से ही भारी संख्या में ऐसे उपभोक्ता मौजूद थे, जिनके साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई थी। भाजपा नेता मयंक कक्कड़, अशोक कुमार आर्य, राम किशोर और आनंद कुमार समेत कई अन्य लोगों ने भी एजेंसी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार दिनेश कुटौला और खाद्य पूर्ति निरीक्षक मलकीत सिंह के सामने विधायक शिव अरोरा ने एजेंसी स्वामी को जमकर फटकार लगाई। विधायक ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के हक की इस तरह की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एजेंसी के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

विधायक ने कहा कि यह केवल एक एजेंसी का मामला नहीं है, बल्कि यदि किसी भी अन्य स्थान पर इस प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया गया, तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, संजय आर्य, मयंक कक्कड़, राजेश कुमार, प्रदीप यादव, हर्दिप सिंह, राधेश शर्मा मौजूद रहे।

# अधिकारियों को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

- सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने सभी उप जिलाधिकारी व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, टीएलएमटी, एएलएमटी, बीएलओ, सुपरवाईजर, डाटा एंट्री आपरेटरों को एसआईआर का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को जिला सभागार में कार्यशाला के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर



सभागार में जानकारी देते सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि सभी अधिकारी गहनता से प्रशिक्षण लें। ताकि त्रुटी रहित व पारदर्शी निर्वाचन नामावली तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तो फील्ड में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। यदि कहीं कोई शंका हो तो यहीं पर समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यालय ने जो बुकलेट दी जा रही है उसे गहनता से पढे। ताकि सभी जानकारी प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, डॉ.अमृता शर्मा, राहुल साह, रविंद्र जुआठा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## डेंगू की रोकथाम को कीटनाशक का छिड़काव

**बाजपुर:** गर्मी के दस्तक देते ही डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका परिषद बाजपुर ने मोर्चा खोल दिया है। चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते के निर्देश पर शनिवार को नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। अभियान के पहले चरण में वार्ड संख्या 1, 3, 4 और 11 सहित शहर के मुख्य नालों और जल भराव वाले संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर दवा डाली गई। पालिका के बड़े बाबू राजू पांडेय और कर्मचारी सीताराम तिवारी ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में तरल कीटनाशक, दूसरे में मेलाथियान डस्ट और तीसरे चरण में पूरे नगर में फॉगिंग कराई जाएगी।

# जंगल के राजा मेरी मैया को लेके...

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम प्राचीन वैष्णो देवी मंदिर में वैष्णची शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज स्वर्ण फार्म वाली देवी के स्थान पर महाअष्टमी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने मत्था टेका।

धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन जग्गा परिवार द्वारा किया गया। जिसमें शुक्रवार की देर रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुरादाबाद से आए भजन सम्राट राजेंद्र पप्पू चावला ने सुंदर भजन पेश कर समा बांधा। जिसमें मेहरा माई, माफ करी बोलिया चलिए माफ करी, सुन नगरकोट दी रानिये, तेरियां दी निम्मी निम्मी लो पुजारियों



हवन यज्ञ करते अनुयायी। ● अमृत विचार

ने बुवा खोलिया, जंगल के राजा मेरी मैया को लेके आजा, लख लख शुक्र मनाने हा, मैं छोड़ मां मां बोल, चलो चलिए गुलाबी रुत आइया, शिव आदि भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों को सुनकर अनुयायी झूमने को विवश हो गए। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सतनाम सिंह पप्पू, राजकुमार सीकरी, पल्ली गाबा, हरीश अरोड़ा, महिंद्र गाबा, नरेश कुमार घई, जगदीश अरोड़ा, लक्ष्य शर्मा, चमन लाल अरोड़ा, राजीव ग्रोवर, राजेश ग्रोवर, राकेश डूडेजा, शम्मी अरोड़ा, सुरेंद्र गुंबर, गौरव गुंबर, राजीव घई हुकुम सिंह भंडारी, प्रीति ग्रोवर सुषमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एमएसएमई क्षेत्र, स्वरोजगार और उद्यमिता की जानकारी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला उद्योग केंद्र में रैम्प योजना के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें करीब 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों को एमएसएमई क्षेत्र, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शनिवार को संयुक्त निदेशक उद्योग डॉ. दीपक मुरारी ने बताया कि युवाओं को नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल



कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों में उद्यमिता के प्रति नई सोच विकसित हुई और उन्हें अपने कौशल एवं क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी जनरल मैनेजर एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर भारत सरकार गोपाल देवीदास बेलुरकर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विपिन कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं रोहित श्रीवास्तव ने उद्योग निदेशालय से ऑनलाइन माध्यम प्रतिभाग किया।

**निर्देश** आईजी कुमाऊं ने समीक्षा बैठक में दिए आदेश, कहा–उत्तराखंड पुलिस है हमेशा मुस्तैद

# पुलिसिंग को प्रोफेशनल पुलिसिंग बनाना ही मकसद : आईजी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस मुख्यालय और रेज मंडल ने संचालित अभियान की समीक्षा बैठक की समीक्षा करने के बाद आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में कुमाऊं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पुलिसिंग को प्रोफेशनल पुलिसिंग में बदलने की तैयारी संचालित है। जिसके तहत तकनीकी, मैनुअल और प्रोफेशनल पुलिसिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यही कारण है कि उत्तराखंड पुलिस हमेशा मुस्तैद है और हर चुनौती का सामना करने को तैयार है।

शनिवार को कुमाऊं मंडल की आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कुमाऊं के कप्तानों के साथ पुलिस कार्यालय में पुलिस मुख्यालय और कुमाऊं रेंज द्वारा चलाए गए अभियान के तहत समीक्षा की। प्रेसवार्ता में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि पुलिस मुख्यालय और कुमाऊं रेंज ने समय-समय पर जनपद पुलिस को टास्क दिया जाता है। जिसका मकसद पुलिसिंग को प्रोफेशनल पुलिसिंग में तब्दील करना है। जिसको लेकर तकनीकी, मैनुअल और मैन पावर का इस्तेमाल किस प्रकार करना है। इसको लेकर प्रशिक्षण और मंथन किया गया।

उन्होंने कहा कि पहली तकनीक यानी घटना के खुलासे में सीडीआर, सीसीटीवी कैमरे और वैज्ञानिक जांच व तथ्य जुटाना होता है। उसके बाद लंबित जांच में विधिक सलाह, मजबूत साक्ष्य, गवाहों की भूमिका, तफ्तीश की तीव्रता, बीट पुलिसिंग से बेहतर पुलिस की गश्त जैसे बिदुओं पर चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में पाया कि अभियान के तहत सभी जिलों में कार्रवाई हुई है। जिसके बाद यह कहा जाता है कि अब सभी जिलों की पुलिसिंग प्रोफेशनल पुलिसिंग में बदल चुकी है और उत्तराखंड पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार और सजग है।

आईजी ने जनता से भी आह्वान किया कि साइबर क्राइम की रोकथाम बिना सजगता के संभव नहीं है। इसलिए आधुनिक अपराध होने से पुलिस को सूचित करे। इस मौके पर एसएसपी अजय गणपति कुंभार, एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टीसी, एसएसपी अल्मोड़ा चंद्रशेखर घोडके, एसएसपी रेखा यादव के अलावा आला अधिकारी मौजूद रहे।

### संवाद वेलनेस मेले का आईजी ने किया निरीक्षण



**रुद्रपुर :** पुलिस लाइन में आयोजित दो दिवसीय संवाद वेलनेस मेला का आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने स्थलीय निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों और पारिवारिक बच्चों का उत्साह वर्धन किया। आईजी ने लगे स्टॉल का निरीक्षण करते हुए स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य निर्धारण के टिप्स भी दिए। मेले में दिल्ली से आए अनुभवी काउंसलर द्वारा कैरियर मार्गदर्शन की कार्यशालाएं आयोजित की। जिसमें 402 विद्यार्थियों, पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पांच हजार पुलिसकर्मी पंजीकरण, 1600 पुलिस कर्मियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग, 700 कर्मियों का वन टू वन काउंसिलिंग, 41 गंभीर मामलों का निस्तारण मिशन संवाद के तहत किया जा चुका है। जिसको लेकर आईजी कुमाऊं ने भी संतुष्टि व्यक्त की।

ब्रीफ न्यूज

### हाईवे पर ट्रक की टक्कर से साइन बोर्ड क्षतिग्रस्त

**बाजपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग–74 पर दोराहा के निकट भूसे से लदे एक ट्रक की टक्कर से दिशा सूचक साइन बोर्ड (गेंट्री) क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में रूट पेट्रोलिंग अधिकारी ने ट्रक चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

काशीपुर–सितारगंज हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के रूट पेट्रोलिंग अधिकारी कुलदीप पाल ने पुलिस को बताया कि ट्रक संख्या यूपी21सीएन5375 रुद्रपुर से काशीपुर की ओर जा रहा था। आरोप है कि 26–27 मार्च की रात करीब दो बजे चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए हाईवे पर लगी लोहे की गेंट्री को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे साइन बोर्ड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## इंश्योरेंस कंपनी को देना होगा 14.6 लाख हर्जाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अख्तर अली की सड़क हादसे में हुई मौत प्रकरण की सुनवाई करते हुए तृतीय अपर जिला जज ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को 14.6 लाख रुपये का सड़क हादसा दावा देने का आदेश दिया। आदेशित किया कि हर्जाने की राशि सात फीसदी ब्याज दर के हिसाब से दी जाएगी।

याचिका अधिवक्ता एमपी तिवारी ने बताया कि गांव लहसोई सियाठेरी लहसोई बहेड़ी निवासी घर की मुखिया शायदा बेगम सहित परिवार के सदस्य कुमारी इरम, कुमारी अनम बी, कुमारी सायरा बी, मोहम्मद अफसान, बिस्मिल्ला, अहसान अली ने दायर याचिका में बताया था कि 13 मई 2023 को उसके पति अख्तर अली अपनी बाइक पर किच्छा रोड अंबेडकर चौराहे सड़क किनारे खड़े हुए थे कि तभी तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूके-18 सीए-4572 ने टक्कर मार दी। जिसमें पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया और कुछ दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। कहा था कि पति 15 हजार रुपये महीना कमाते थे और परिवार की जीविका चलाते थे। परिवार में कमाने वाला पति के अलावा कोई नहीं। मौत के कारण नामजद परिवार का भरण पोषण कैसा होगा। याचिका में चालक सहित इंश्योरेंस कंपनी पर दावा किया गया। तृतीय अपर जिला जज मुकेश चंद्र आर्य ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी शाखा प्रबंधक को 14.6 लाख रुपये का सड़क दुर्घटना दावा का हर्जाना सात फीसदी ब्याज दर के अनुसार देने का फैसला सुनाया।

### कार्यशाला में बोले कुलपति-किसानों की आय बढ़ाना, लागत घटाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण चुनौती

## सुरक्षित, टिकाऊ और लाभकारी खेती करना उद्देश्य

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक-दिवसीय क्षेत्रीय वृहद प्राकृतिक खेती परामर्श सह कार्यशाला का आयोजन हुआ।

शनिवार को विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय के एलुमनाई देश-विदेश में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं जिस पर हमें गर्व है। 1960 में स्थापित यह विश्वविद्यालय शिक्षा और कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहां वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय पर विशेष बल दिया जाता है। विश्वविद्यालय में शोध को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, जिससे नई तकनीकें और नवाचार सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि आज की मुख्य चुनौती किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की है। यह केवल एक कार्यशाला नहीं बल्कि एक साझा अभियान है। जिसका लक्ष्य सुरक्षित, टिकाऊ और लाभकारी खेती के साथ 2047 तक एक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण है।


उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति मनमोहन सिंह चौहान।

**ये लोग रहे मौजूद**
राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद के सहायक निदेशक डॉ.वाचस्पति पांडेय, प्रगतिशील किसान डालचंद, अधिष्ठाता कृषि डॉ.सुभाष चंद्रा, निदेशक शोध डॉ.एसके वर्मा, प्रसार शिक्षा निदेशालय के प्राध्यापक डॉ.निर्मला भट्ट समेत कई किसान और प्रगतिशील किसान, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद के निदेशक डॉ.गगनेश शर्मा ने कहा कि हरित क्रांति के बाद रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अधिक उपयोग से उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन मृदा की उर्वरता, ऑर्गेनिक कार्बन और सूक्ष्म जीवों में कमी आई, जिससे मिट्टी, जल स्रोत और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हुए। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के निदेशक डॉ.लक्ष्मीकांत ने प्राकृतिक खेती के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। प्रगतिशील किसान डालचंद ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के प्रारंभ में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती जागरूकता कैलेंडर और प्राकृतिक खेती पर आधारित पुस्तक का विमोचन अतिथियों ने किया। इससे पूर्व प्राकृतिक खेती पर आधारित कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा लगे स्टालों एवं डॉ.सुनीता टी पांडे द्वारा वृक्षायुर्वेद प्राकृतिक खेती केंद्र पर लगाये गये प्रदर्शनों का अतिथियों ने अवलोकन किया।

# ठुकराल की कांग्रेस में ज्वाइनिंग से हलचल तेज

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को दिलाई सदस्यता, फिर शुरू हुआ नाराजगी और कटाक्ष का दौर

- ठुकराल समर्थकों ने खुशी में आतिशबाजी की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पिछले लंबे समय से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में ज्वाइनिंग की हलचल और चर्चाओं को उस वक्त विराम मिल गया, जब दिल्ली जाकर पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। दिल्ली उत्तराखंड कांग्रेस भवन में प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड कुमारी शैलजा और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नामों की सूची सार्वजनिक की और ठुकराल की ज्वाइनिंग पर मोहर लगाकर कांग्रेस पटका पहनाया।

यहां बता दें कि भाजपा से दो बार रुद्रपुर विधानसभा से विधायक रहे। वर्ष 2022 में भाजपा से टिकट कटने के बाद राजकुमार ठुकराल ने स्वतंत्र चुनाव लड़ा। पिछले साढ़े चार साल बाद आखिर वो वक्त आया, जब ठुकराल को राजनीति जमीन मिली और शुक्रवार को हरी झंडी मिलने के बाद ठुकराल समर्थकों के साथ दिल्ली रवाना हुए। शनिवार की दोपहर तीन बजे उत्तराखंड कांग्रेस भवन सभागार में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित दिग्गज नेताओं ने जानकारी देने के बाद ठुकराल के ज्वाइनिंग की घोषणा की।

ठुकराल के सदस्यता लेते ही तराई भाबर में नाराजगी व कटाक्ष का दौर शुरू हुआ। वहीं ठुकराल समर्थकों ने खुशी में आतिशबाजी की। वास्तविकता तो यह है कि ठुकराल के कांग्रेस में आने के बाद तराई भाबर में हलचल तेज हो गई और भाजपा खेमे में हड़कंप मच गया। यही कारण है कि जहां नाराज कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने अपनी नाराजगी का इजहार किया। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही कांग्रेस पार्टी नेताओं की नाराजगी भी सामने आई तो वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष व नेताओं ने भी ठुकराल पर कटाक्ष शुरू कर दिया। जिसके बाद तराई भावर में राजनीतिक हलचल काफी गरमा गई है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व मेयर विकास शर्मा ने भी कांग्रेसी ठुकराल पर अपना बयान दिया।


दिल्ली में कांग्रेस की सदस्यता लेते राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

### नाराज मीना शर्मा ने तीनों पदों से दिया इस्तीफा

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी करने की ऑडियो वायरल कर हलचल पैदा करने वाली पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने जहां ठुकराल की ज्वाइनिंग पर अपनी भड़ास निकाली, वहीं अपने तीनों पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। मीना का कहना था कि जिस व्यक्ति ने उनके महिला सम्मान को ठेस पहुंचाया और पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया। डेढ़ साल से सम्मान की लड़ाई के लिए उन्होंने पार्टी हाईकमान के नेताओं से संपर्क किया। बावजूद ऐसे व्यक्ति को पार्टी में शामिल करना निंदनीय व दुखदायी है। यही कारण है कि उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता, महिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष के अलावा हरिद्वार की प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है।

### भाषा शैली से लगी भाजपा में आने पर रोक

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने पूर्व विधायक ठुकराल के दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ठुकराल की भाषा शैली का ही परिणाम है कि भाजपा ने उनके आने पर रोक लगाई है। सीएम धामी की सोच का ही परिणाम है कि सरकार को 1500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया। रही बात मेयर बनाने की तो राजनीति में आगे बढ़ने के लिए संगठित और संगठन की आवश्यकता पड़ती है। वहीं उनके द्वारा भी मेहनत कर ठुकराल को विधायक बनाया गया था। बड़ा बोलना आसान है। धरातल पर काम करना कठिन होता है। ठुकराल चुनाव लड़े तो उनका उत्साह समाप्त हो जाएगा।

### विधायक शिव अरोरा ने साधा ठुकराल पर निशाना

**रुद्रपुर :** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा में ठुकराल की नो एंट्री का कारण वह खुद हैं। कारण भाजपा कभी भी नहीं चाहती कि महिला को अपमानित करने वाला, अभद्र भाषा बोलने वाला, रुद्रपुर में दंगा करने वाला, पार्टी के कायदे कानून की धज्जियां उड़ाने वाला व्यक्ति पार्टी में रहे। वर्ष 2022 में जिस प्रकार उन्होंने भाजपा के टिकट पर ठुकराल को हंसते–हंसते पराजित कर दिया। यदि वर्ष 2027 में ठुकराल कांग्रेस पार्टी के चिन्ह पर चुनाव लड़ते हैं तो वह एक बार फिर हंसते–हंसते ठुकराल को पराजित कर ठोक देंगे। कारण ठुकराल के दोहरे चरित्र को जनता समझ चुकी है। ऐसे में ठुकराल की एंट्री बहुत देरी से हुई है। उनको बहुत पहले ही कांग्रेस में चले जाना चाहिए था। डूबते जहाज का नाविक भी डूब जाता है।

### पूर्व विधायकों की घर वापसी से कांग्रेस को मिलेगी मजबूती

**काशीपुर :** महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अलका पाल ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और नारायण पाल के कांग्रेस में शामिल होने का पुरजोर स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों कद्दावर नेताओं के आने से जिले की सभी नौ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी। पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए अलका पाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सभी वर्गों, जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। उन्होंने भाजपा पर ''विखंडन की राजनीति'' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस केवल विकास के एजेंडे पर काम करती है और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं करती। जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस न केवल ऊधम सिंह नगर की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी, बल्कि उत्तराखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जनता के बीच जाएं और सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें।

## अब कांग्रेस का जहाज डूब चुका है : जिंदल


पत्रकारों को जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में ज्वाइनिंग को लेकर कहा कि कांग्रेस अब पूरी तरह कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस का जहाज डूब चुका है। उसमें सवार होने वालों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ऊधमसिंह नगर की सभी सीटों पर बंपर वोटों से जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष जिंदल ने कहा कि वर्ष 2022 में भाजपा ने ठुकराल को नकार दिया था और निर्दलीय चुनाव लड़ने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जिससे यह साफ है कि जनता ने भी उन्हें स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों के चलते कांग्रेस का जनाधार लगातार घट रहा है और जनता भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है।

जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं। जिससे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग पूरी मजबूती के साथ भाजपा के साथ खड़ा है और आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलोत, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, मीडिया संयोजक विजय तोमर, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू आदि मौजूद रहे।

## नालंदा स्कूल में मेधावी छात्र किए गए सम्मानित

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मृदुला किशोर, डॉ. राहुल किशोर, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष शरद यादव और यूपीएससी में 46वीं रैंक प्राप्त करने वाली शांभवी तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचीं शांभवी तिवारी को उनकी अभूतपूर्व सफलता के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करते रहें। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. किशोर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में खेलकूद के साथ-साथ वैज्ञानिक तकनीक पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश दुबे ने शिक्षा को जीवन की सफलता की अनिवार्य कुंजी बताया।



किच्छा के नालंदा स्कूल में अतिथियों के साथ विद्यालय के डायरेक्टर। ● अमृत विचार

### स्वचालित 'मेवरिक 1.0' रोबोट बना आकर्षण का केंद्र

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित स्वचालित रोबोट ''मेवरिक 1.0'' रहा। समारोह के दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं और वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लवी सहगल, प्रियरंजन तिवारी, बिंदु वासिनी श्रीवास्तव और अभिभावक मौजूद रहे।

## 22 वादों का किया गया निस्तारण

**खटीमा:** उत्तराखंड शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में परगना मजिस्ट्रेट तुषार सैनी और तहसीलदार मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सजवान द्वारा तहसील खटीमा अंतर्गत ग्राम पहेनियां पंचायत घर में राजस्व लोक अदालत लगाई गई। जिसमें परगना मजिस्ट्रेट सैनी द्वारा 10 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया।

वहीं तहसीलदार द्वारा 12 राजस्व वादों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया गया। राजस्व लोक अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता रामबचन, ललित मोहन, महेश कुमार, पेशकार संतराम, राजस्व उप निरीक्षक मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक रिशिपाल आदि द्वारा शिरकत की गई।

## एसपी सॉल्वेंट में धधक उठी आग

- दमकल की गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर हाईवे स्थित पशु आहार बनाने वाली कंपनी में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब कंपनी में लगा रिफाइनरी बाउलर फट गया। आग की लपटे उठने लगीं जिसे देखकर काम करने वाले कर्मचारी बाहर की ओर भागे और सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पाया गया। जिस वजह अप्रिय घटना घटित होने से बची।

शनिवार की दोपहर को अग्निशमन विभाग के चालक को मोबाइल पर सूचना मिली कि काशीपुर हाईवे स्थित एसपी सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रिफाइनरी सिस्टम में धमाका हुआ है। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी महेश चंद के आदेश पर दो गाड़ियों को रवाना किया गया। पाया कि कंपनी के रिफाइनरी सिस्टम के अलावा मशीनों में आग लगी हुई। जिसके बाद फायर कर्मियों ने दो हौज पाइप व हौजरील को जोड़कर पानी की बौछार की और आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी महेश चंद ने बताया कि आग ने कोई भारी नुकसान नहीं हुआ है और अक्सर बाउलर सिस्टम में दबाव पड़ने के कारण आग की घटनाएं हो जाती है। कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया और अप्रिय घटना घटित होने से बचाया।


आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

## ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने को मारे छापे

- विजिलेंस टीम ने आधा दर्जन लोगों पर की कर्रवाई

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग की सतर्कता टीम ने ग्रामीण क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापामारी कर अभियान चलाया। इस दौरान आधा दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़े गए। विभाग की ओर से सभी के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शनिवार को विद्युत विभाग की सतर्कता टीम ने रजपुरा नंबर-दो में ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। छापेमारी में गुरदास सिंह, कुलवंत सिंह, दलजीत कौर, मुकतार सिंह, वीरेंद्र सिंह, बिशन सिंह आदि, छह लोगों को रंगे हाथों पकड़ा जो कटिया डालकर विद्युत चोरी कर रहे थे। विभाग ने सभी के खिलाफ गदरपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। सतर्कता टीम में सहायक अभियंता अमित आर्य ने कहा क्षेत्र में विद्युत चोरी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी प्रकाश शाह, अवर अभियंता मेहताब अली, लाइनमैन बबली शर्मा, अमित कुमार , दीपक कुमार, राजेश कुमार, अनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

पहल | राजकीय आईटीआई सितारगंज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया शिलान्यास

## 7 .65 करोड़ से बनेगा आधुनिक कार्यशाला भवन

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुक्रवार को राजकीय आईटीआई 7.65 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कार्यशाला भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने टाटा टेक्नोलॉजी कार्यशाला का निरीक्षण कर आधुनिक मशीनों की स्थापना की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा और कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। अब प्रदेश के युवा न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के 50 आईटीआई संस्थानों में ''डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग'' संचालित की जा रही है, जिसके लिए वी-गार्ड और टाटा ऑटोकोम जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए गए हैं।

मंत्री बहुगुणा ने जानकारी दी कि सहसपुर स्किल हब के तहत पांच ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' खोले गए हैं, जहां प्रशिक्षणार्थियों के आवास और भोजन का खर्च सरकार वहन करेगी। साथ ही, विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के माध्यम से अब तक 52 युवाओं को बाहर भेजा जा चुका है और जल्द ही अल्मोड़ा में भी ऐसा ही प्रकोष्ठ खोला जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, आरएम रविंद्र सिंह, एमएसएमई के डीजीएम गोपाल वेलकर, संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य लोकेश चंद्र भट्ट, रेशम सिंह, मदन लाल, रमेश चंद्र शर्मा, विजय नेगी, सुभाष चंद्र डबराल, रामकुमार, ललित गोस्वामी, कुलदीप कन्याल, रमन चौधरी, साहब सिंह आदि मौजूद रहें।



आधुनिक कार्यशाला का शिलान्यास करते सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार


खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में परीक्षाफल वितरित करते प्रबंधक और अन्य।

### सिटी कॉन्वेंट में वितरित हुआ परीक्षाफल

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। समारोह में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना ने विद्यार्थियों के उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने बच्चों को भविष्य में और अधिक मेहनत करने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रबंधक उपाध्याय ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### चैती मेले में तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर** : पुलिस ने चैती मेला नखाशा बाजार क्षेत्र से एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। शनिवार को चैती मेला थाना प्रभारी पंकज कुमार ने टीम के साथ चैती मेला, नखाशा बाजार से एक युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। वहीं पैगा चौकी पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी ग्राम खाईखेड़ा, कोतवाली आईटीआई निवासी मुख्त्यार सिंह को गिरफ्तार किया।

### ग्रामीण से एक लाख की ऑनलाइन ठगी

**जसपुर** : ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक नया मामला नगर पंचायत महुआडाबरा से सामने आया है, जहां एक ग्रामीण के बैंक खाते से शातिरों ने एक लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित नईम अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि ''बिगबास्केट'' के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की गई और खाते से बड़ी धनराशि निकाल ली गई। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी डूबी हुई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी है। पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर नागरिकों से अनजान लिंक या ऐप पर क्लिक न करने की अपील की है।

### कोर्ट परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**काशीपुर** : कोर्ट परिसर में शनिवार को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम ने लोगों के शुगर, बीपी आदि की निशुल्क जांच की। चिकित्सक ने निशुल्क दवा परामर्श कर आवश्यक परामर्श दिया। वहां पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा, भास्कर त्यागी आदि मौजूद रहे।

### छह बाइकों के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**काशीपुर** : कोतवाली पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल छह मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कोतवाल हरेंद्र चौधरी द्वारा गठित टीम ने शनिवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर ईदगाह के सामने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रितेश कुमार उर्फ निक्का (निवासी जसपुर) और विशाल दिवाकर उर्फ कालू (निवासी पशुपति विहार) के रूप में हुई है।

# मेले में बाल मिठाई का स्वाद छा रहा

## चैती मेले में लोहाघाट के लोहे की कढ़ाही बनी आकर्षण का केंद्र, लोगों में उत्साह

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक चैती मेले में इस बार कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों की पारंपरिक कला और स्वाद की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। हथकरघा विभाग की प्रदर्शनी में पहली बार चंपावत की प्रसिद्ध बाल मिठाई, चॉकलेट और लोहाघाट की पारंपरिक लोहे की कढ़ाही का स्टॉल लगाया गया है। इन उत्पादों को देखने और खरीदने के लिए स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

चंपावत से आए व्यवसायी सुभाष तिवारी ने बताया कि उनके परिवार में बाल मिठाई और चॉकलेट बनाने का कार्य पीढ़ियों से चला आ रहा है। इसकी बढ़ती मांग का आलम यह है कि दिल्ली, मुंबई, नोएडा और गाजियाबाद जैसे महानगरों में भी लोग इसे बड़े चाव से मंगवाते हैं। उन्होंने बताया कि मां बाल सुंदरी देवी मंदिर के पौराणिक महत्व और यहां के समृद्ध इतिहास से वे बेहद प्रभावित हुए हैं।

प्रदर्शनी में लोहाघाट के लोहार समुदाय द्वारा हस्तनिर्मित लोहे की कढ़ाही विशेष आकर्षण है। सुभाष तिवारी ने बताया कि इसे बनाने की प्रक्रिया अत्यंत कठिन है<bha>;</bha> लोहे को घंटों आग में तपाकर और पीटकर आकार दिया जाता है, जिसमें लगभग दो घंटे का समय लगता है। 300 प्रति किलो की दर से उपलब्ध यह कढ़ाही पूरी तरह रसायनों से मुक्त है और इसमें भोजन बनाने से शरीर को प्राकृतिक आयरन मिलता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

केंद्र और राज्य सरकार की ''वोकल फॉर लोकल'' नीति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सीधा बाजार मिल रहा है। आज वे अपने उत्पादों की बिक्री ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी कर रहे हैं और ग्राहकों को ''डोर-टू-डोर'' डिलीवरी की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।



काशीपुर के चैती मेले में लोहाघाट की कढ़ाही खरीदते लोग। ● अमृत विचार



चैती मेले में खाली पड़ी दुकानों की जगह। ● अमृत विचार

### काशीपुर के चैती मेले में पसरा सन्नाटा व्यापारी मायूस

**काशीपुर** : ऐतिहासिक चैती मेले में इस बार रौनक तो दिख रही है, लेकिन दुकानों के भीतर का आर्थिक गणित पूरी तरह बिगड़ा हुआ है। बढ़ती महंगाई और घटती बिक्री ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। दुकानदारों का कहना है कि यह मेला उनकी उम्मीदों के विपरीत बेहद कमजोर साबित हो रहा है। पहले जहां शुरुआती दो-तीन दिनों में ही आधा माल बिक जाता था, वहीं इस बार लागत निकालना भी दूभर हो गया है। प्रसाद विक्रेता विवेक कुमार ने बताया कि दुकानों का किराया अब आम व्यापारी की पहुंच से बाहर है। जो दुकान 12 साल पहले 40 हजार रुपये में मिलती थी, उसका किराया इस बार 4 लाख रुपये तक पहुंच गया है। ऐसे में भारी निवेश के बाद मुनाफे की गुंजाइश खत्म हो गई है। दूसरी ओर, श्रद्धालुओं की जेब पर भी महंगाई का असर साफ दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब श्रद्धालुओं के लिए 51 और 101 रुपये का नारियल प्रसाद भी महंगा साबित हो रहा है। मंदी और ऊंचे किराये के चलते मेले में कई दुकानें खाली पड़ी हैं और कई दुकानदार अपना सामान समेटकर वापस लौटने की तैयारी में हैं।

# राजस्व लोक अदालत में 25 वादों का निस्तारण

**बाजपुरः** राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण और आमजन को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को उपजिलाधिकारी न्यायालय परिसर में ''राजस्व लोक अदालत'' का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी एवं सहायक कलेक्टर (प्रथम श्रेणी) डॉ. अमृता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 25 लंबित मामलों की सुनवाई कर उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया।

लोक अदालत के दौरान राजस्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरण सूचीबद्ध किए गए थे। इनमें ज़मींदारी उन्मूलन एवं भू-व्यवस्था अधिनियम की धारा 143 के 20 मामले, धारा 176 के 4 मामले तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 का एक मामला शामिल रहा।

डॉ. अमृता शर्मा ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाना और लंबित मुकदमों के बोझ को कम करना है, ताकि वादकारियों के समय और संसाधनों की बचत हो सके। प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने लंबित राजस्व विवादों के समाधान के लिए भविष्य में भी आयोजित होने वाली लोक अदालतों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# पालिका का 37.95 करोड़ के लाभ का बजट पास



जसपुर में पालिका बोर्ड की बैठक करते विधायक, अध्यक्ष, ईओ और सभासद।

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद जसपुर की बोर्ड बैठक में शनिवार को वित्तीय वर्ष के लिए 37.95 करोड़ रुपये का लाभ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट की अध्यक्षता और विधायक आदेश सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

बैठक के दौरान पुरानी तहबाजारी दरों को संशोधित करने का विशेष प्रस्ताव पास किया गया। पालिकाध्यक्ष और ईओ उदयवीर सिंह ने बताया कि चौक बाजार को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में लंबे समय से पुरानी दरें लागू थीं, जिन्हें अब वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपडेट कर दिया गया है। इसके अलावा, ठेकेदार पंजीकरण शुल्क को 200 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है, जबकि अमानत राशि वापस करने की अवधि 6 माह से बढ़ाकर एक वर्ष की गई है।

### मलिन बस्तियों के लिए 30% बजट आरक्षित

बजट में सामाजिक न्याय का ध्यान रखते हुए यह तय किया गया कि स्वीकृत विकास बजट की न्यूनतम 30 प्रतिशत धनराशि गरीब और मलिन बस्तियों में खर्च की जाएगी। यह रकम मुख्य रूप से सड़कों, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सुधारने पर व्यय होगी। वहीं, 5 प्रतिशत बजट को आकस्मिक आपदाओं के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### 31 मार्च तक गृहकर में छूट का लाभ

बैठक में लिपिक अ. हफीज ने जानकारी दी कि गृहकर जमा करने पर दी जा रही छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च है। इसके बाद कर जमा करने पर जुर्माना देय होगा। पालिका ने गृह स्वामियों से समय पर टैक्स जमा कर छूट का लाभ उठाने की अपील की है।


# देखरेख के अभाव में 'तीसरी आंख' खराब

- कुंडेश्वरी रोड के तिराहे पर लगाए गए थे तीन सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए सीसी टीवी कैमरे देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। तत्कालीन एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर कैमरे लगवाए गए थे। इन्हें संबंधित पुलिस चौकी और कंट्रोल रूम में स्थापित किया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में यह कैमरे शोपीस बन कर रह गए हैं।

कुंडेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसाइटी के तिराहे पर पुलिस विभाग ने तीन कैमरे लगाए थे। लेकिन देखरेख के अभाव में यह खराब हो चुके हैं। यहां तक कि पुलिस कंट्रोल रूम से इनका संपर्क टूट गया है। कैमरे लगाने का उद्देश्य ट्रैफिक कंट्रोल करना और अपना घर सोसाइटी की निगरानी करना था। अब हालत ऐसे हैं कि सीसी टीवी कैमरे झुक कर जमीन की तरफ आ गए हैं। इनकी रिकॉर्डिंग भी बंद हो गई है। कई बार पुलिस प्रशासन को शिकायत के बाद भी इनकी मरम्मत नहीं हुई। एसपी काशीपुर स्वप्न किशोर सिंह ने कहा कि सिटी कंट्रोल रूम प्रभारी से पूछा जाएगा कि कैमरे क्यों बंद हैं। चौकी प्रभारी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।



काशीपुर के कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे। ● अमृत विचार

# भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन ने मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। किसानों ने सात सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दलीप सिंह को सौंपा।

शनिवार को अनाज मंडी परिसर में भाकियू की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक आहूत हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि नादेही चीनी मिल को पीपी मोड पर न दिया जाए। कहा कि गेहूं खरीद के लिए जसपुर क्षेत्र में मात्र छह कांटे मंजूर हुए हैं जो बहुत कम है। इनके अतिरिक्त पतरामपुर, रायपुर एवं नादेही में तौल कांटे खोले जाएं। साथ ही गेहूं खरीद केंद्रों पर दलालों पर पूरी तरह रोक लगायी जाए। किसानों ने आग से बचाव के लिए खेतों में झूलती बिजली की तारों को टाइट करने, यूरिया और एनपीके खाद की दिक्कतो को देखते हुए समय से पूर्ति सुनिश्चित करने, सीड प्लांटों पर एक कुंतल गेहूं पर आधा किलो कटौती करने, खराब मौसम के कारण गेहूं की फसल में हुए नुकसान पर सभी किसानों को 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने, हवा से गिर चुकी गेहूं की फसल का सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता सरदार तारा सिंह ने की। इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, ब्लॉक अध्यक्ष जागीर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, दिलबाग सिंह, दर्शन सिंह देओल, चौधरी किशन सिंह, शीतल सिंह बडवाल, संजीव चौधरी, जसवीर सिंह, जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



जसपुर में तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

# हाईवे पर आपस में भिड़ीं पर्यटकों की तीन कारें

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नैनीताल स्टेट हाईवे स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार दोपहर पर्यटकों के तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसा उस समय हुआ जब दोराहा की ओर से आ रही एक कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रही दो अन्य कारें अनियंत्रित होकर एक के बाद एक उससे जा भिड़ीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों वाहनों के अगले और पिछले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी पर्यटक को गंभीर चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद सबसे आगे वाली कार का चालक मौके से फरार हो गया, जबकि अन्य वाहनों में सवार पर्यटक एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए आपस में उलझ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कराया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाकर यातायात सुचारू किया। पुलिस के अनुसार, ये सभी पर्यटक दिल्ली और गाजियाबाद से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क और नैनीताल घूमने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसा वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी न होने और लापरवाही के कारण हुआ है। किसी भी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# जनप्रतिनिधियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली परिसर शनिवार को उस समय हंगामे का केंद्र बन गया, जब एक उपनिरीक्षक द्वारा कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के प्रयोग से आक्रोशित जनप्रतिनिधि और नेता प्रतिपक्ष के निजी सचिव धरने पर बैठ गए। मामला शांत होने के बाद दो पीड़ितों ने एक फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक पर सोना हड़पने के गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य सीमा कौर के पति जसपाल सिंह बिल्लू कुछ पीड़ितों की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद एक दरोगा ने उन्हें ''चोर'' कहकर संबोधित कर दिया, जिससे विवाद भड़क उठा। सूचना मिलते ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निजी सचिव अभिषेक तिवारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर सभी लोग परिसर में ही धरने पर बैठ गए।



नेता प्रतिपक्ष के निजी सचिव अभिषेक तिवारी को समझाते उपनिरीक्षक धीरेंद्र परिहार।

### फाइनेंस कंपनी पर सोना गलाने का आरोप

हंगामे की जड़ में एक निजी फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक के खिलाफ आई शिकायतें हैं। बन्नाखेड़ा निवासी हरवंश सिंह का आरोप है कि जनवरी में गिरवी रखे 12 ग्राम सोने के आभूषण छुड़ाने पहुंचने पर प्रबंधक ने सोना ''गलाने'' की बात कहकर लौटाने से मना कर दिया। वहीं, केलाबंदवारी निवासी दिनेश सिंह ने आरोप लगाया कि जून 2025 में गिरवी रखे 20 ग्राम सोने का पूरा भुगतान करने के बावजूद पिछले 20 दिनों से उन्हें टालमटोल कर परेशान किया जा रहा है। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई और अपना सोना वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# पैरालंपिक चैंपियनशिप में कासिम ने जीते पदक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** गुवाहाटी में आयोजित पैरालंपिक नेशनल चैंपियनशिप में बाजपुर के खिलाड़ी कासिम अली ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

24 मार्च से 28 मार्च तक गुवाहाटी में आयोजित ''लोन बॉल्स'' प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए शुगर फैक्ट्री बाजपुर के कर्मचारी कासिम अली ने हिस्सा लिया। उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए बी-8 श्रेणी के ''ट्रिपल इवेंट'' में सिल्वर मेडल और ''सिंगल इवेंट'' में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड समेत हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, गुजरात और असम जैसे 11 राज्यों के शीर्ष खिलाड़ियों ने शिरकत की थी।



अपने मेडल के साथ कासिम अली।

## आस्था

### दिनेशपुर में दशमी विहित पूजा के साथ देवी का किया दर्पण विसर्जन

# मां बसंती को सिंदूर चढ़ाने के बाद सुहागिनों ने खेली होली

- पति की दीर्घायु और सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** मां बसंती पूजा महोत्सव से नगर में माहौल भक्तिमय हो उठा। मां बसंती की दशमी पूजन के बाद महिलाओं ने मां को सिंदूर चढ़ाकर अपने पति की दीर्घायु होने एवं सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। सुहागन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर गले मिलकर बधाई दी।

शनिवार को महिला संगठन के तत्वावधान में पांच दिवसीय मां बसंती पूजा महोत्सव के अंतिम दिन पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती ने परंपरा के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दशमी विहित पूजा संपन्न कराई। तत्पश्चात पुरोहित द्वारा शक्ति की देवी का दर्पण विसर्जन किया गया। महिलाओं ने मां को सिंदूर लगाकर नम आंखों से विदाई दी गई। महिलाओं ने मां बसंती को सिंदूर लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सिंदूर की होली खेली गई। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, नपं अध्यक्ष मनजीत कौर, शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सविता बैरागी, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, पारुल मंडल, श्रुति राय, सोनिया हालदार, सरस्वती विश्वास, सुधा चक्रवर्ती, बसंती चक्रवर्ती, चंपा बैरागी, विनीता बैरागी, प्रीति बैरागी, सुजाता राय, ज्योति मंडल, अनुराधा मल्लिक, डा सुधीर राय, रोहित मंडल आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर में मां की प्रतिमा के विसर्जन से पहले एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर होली खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# पीएमश्री जीआईसी में मेधावी पुरस्कृत

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचारः** पीएमश्री एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, राजनीति और समाजसेवा से जुड़ी विभूतियों ने शिरकत कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री राजेश दिवाकर ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार गौतम ने मुख्य अतिथि राजेश दिवाकर, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन राजीव सैनी, जिला अध्यक्ष (अ.जा. मोर्चा) हरि ओम सिंह और नगर अध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) सरताज आलम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजेश दिवाकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र विकास की आधारशिला है। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य, नाटकों और लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में ऋतिक आशिकाना, राज, सैयद हुसैन, राज कुशवाहा, शिव, मयंक और मोनू प्रमुख रहे। कार्यक्रम में अमित ध्यानी, गंगा सिंह कोसमाकर, जोगिंदर सिंह, ज्योति जोशी, वीरेंद्र सिंह और अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन महेंद्र कुमार ने किया।



सुल्तानपुर पट्टी में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

ब्रीफ न्यूज

## टनकपुर में बेहोश मिला रीठा साहिब का युवक

**टनकपुर** : टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिचई के पास एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। 108 वाहन से युवक को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार चल रहा है। युवक की पहचान 42 वर्षीय राजेंद्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी साल गांव, रीठा साहिब के रूप में हुई है। डॉ. मोहम्मद उमर ने बताया कि युवक को किसी ने नशीला पदार्थ खिलाया है। युवक की रिश्तेदार सीता देवी ने बताया कि राजेंद्र हिमाचल प्रदेश में काम करता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह रोडवेज की बस से हिमाचल से टनकपुर आ रहा होगा, जिसे जहरखुरानों ने अपना शिकार बना लिया।

## दो दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन

**बनबसा** : मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में दो दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर का समापन हो गया। शिविर में विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने तथा विषम परिस्थितियों में धैर्य और साहस के साथ कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। शिविर का आयोजन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट-गाइड वैभव गौड़ के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर टनकपुर पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य, महाप्रबंधक विद्युत जावेद अंसारी, व्यापार मंडल महामंत्री अभिषेक गोयल, सचिव यूजीन जॉर्ज, प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी तथा प्रधानाचार्या फिलिस जॉर्ज आदि रहे।

# बीडीसी बैठक में बिजली, पानी के मुद्दे छाये रहे

## हवालबाग में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई, ब्लॉक प्रमुख और सीडीओ ने समस्याओं को सुलझाने के दिए निर्देश

- सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मुद्दों पर हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा


हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बैठक में मंचासीन अतिथि और मौजूद जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** हवालबाग ब्लॉक सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई। इस दौरान बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की समस्याएं छाई रहीं। जिस पर ब्लॉक प्रमुख और सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याएं सुलझाने के निर्देश दिए।

ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं सदन में रखी। जिस ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने को कहा। बैठक में मौजूद सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर समयबद्ध एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण या तकनीकी परीक्षण अपेक्षित है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। सीडीओ ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करने पर भी जोर दिया। जिससे निर्णय केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई दें। बैठक में सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

### कंटीजेंसी राशि काटे जाने का विरोध

क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रधान संगठन के महामंत्री एवं ग्राम प्रधान अथरबनी विनोद जोशी ने पंचायती राज विभाग द्वारा पांच फीसदी कंटीजेंसी राशि काटे जाने का विरोध जताया। कहा कि यदि सरकार द्वारा दी गई वित्तीय राशि से ही कंटीजेंसी काटी जाएगी, तो प्रधानों के खातों में धनराशि भेजने का औचित्य ही क्या रह जाता है। इस पर सभी प्रधानों ने एकजुट होकर विरोध किया और कंटीजेंसी राशि नहीं देने की मांग का समर्थन किया। वहीं, बिमौला प्रधान ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए खेल मैदान की कमी का मुद्दा उठाया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पानी की आपूर्ति न होने का मुद्दा भी छाया रहा। जबकि विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं में भगतोला के प्रधान मनोहर सिंह ने पिछले छह महीनों से ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर सवाल उठाया। ग्राम प्रधान ढेली ने प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत का प्रस्ताव रखा। अन्य प्रधानों ने भी विद्यालयों के सुधारीकरण तथा बंद पड़े स्कूलों के वैकल्पिक उपयोग पर शिक्षा विभाग से चर्चा की।

### ये रहे मौजूद

एसडीएम सदर संजय कुमार, बीडीओ एसएस दरियाल, एबीडीओ पंचायत प्रमेंद्र पांडे, एबीडीओ रमेश कनवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, संदीप कुमार, जमन सिंह, भूपेंद्र आर्या, सोनी पांडे, अनिल टम्टा, कमलेश आर्या, संतोष आर्या, प्रधान मोहन कनवाल, आनंद सिंह, प्रधान कमला देवी समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### जिला प्रशासन ने जारी किया बीडीसी बैठक का रोस्टर

**अल्मोड़ा** : जिले में विभिन्न विकासखंडों में बीडीसी बैठक को जिला प्रशासन ने रोस्टर जारी कर दिया है। डीएम अंशुल सिंह ने तय तिथि के अनुसार अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए है। रोस्टर के तहत हवालबाग ब्लॉक की बीडीसी बैठक 21 मई, 19 अगस्त, 25 नवंबर, 18 फरवरी 2027 को होगी। सल्ट में चार जून, 8 सितम्बर, आठ दिसम्बर व नौ मार्च 2027, द्वाराहाट में 13 मई, 10 अगस्त, 16 नवम्बर व 10 फरवरी 2027 को होगी। इसी तरह स्याल्दे में 10 जून, 16 सितम्बर, 17 दिसम्बर व 17 मार्च 2027, ताकुला में 16 अप्रैल, 9 जुलाई 2026, 14 अक्टूबर व 13 जनवरी 2027, ताड़ीखेत में 23 अप्रैल, 20 जुलाई, 22 अक्टूबर व 22 जनवरी 2027, भिकियासैंण में 18 जून, 24 सितम्बर, 29 दिसम्बर व 25 मार्च 2027, चौखुटिया में 29 अप्रैल, 28 जुलाई, 28 अक्टूबर व 29 जनवरी 2027, लमगड़ा में 29 मई, 29 अगस्त, 30 नवम्बर व 25 फरवरी 2027, भैसियाछाना में 10 अप्रैल, तीन जुलाई, छह अक्टूबर, व छह जनवरी और धौलादेवी में पांच मई, छह अगस्त, पांच नवम्बर और पांच फरवरी 2027 की तिथि तय की गई है।

# श्री गोलू देवता कॉरिडोर को 117.22 करोड़ की मंजूरी

संवाददाता, टनकपुर


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचारः** सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चम्पावत को आस्था, पर्यटन एवं खेल के समेकित केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

जनपद चम्पावत में बहुप्रतीक्षित 'श्री गोलू देवता कॉरिडोर (जोन-ए)' के प्रथम चरण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 117.22 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इससे जनपद में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। नियोजन विभाग की संस्तुति के उपरांत मिली इस स्वीकृति के तहत श्री गोल्ज्यू मंदिर क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। लगभग 254 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल सुविधा, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक थीम आधारित भव्य प्रवेश द्वार तथा स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों के लिए विक्रय स्थल विकसित किए जाएंगे। इससे धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### युवाओं के लिए बनेगा अत्याधुनिक स्टेडियम

इसी परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टेडियम का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसमें एथलेटिक्स ट्रैक, बहु-खेल मैदान, दर्शक दीर्घा, खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, प्रशिक्षण कक्ष और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं मिलेंगी और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं बढ़ेंगी।

### पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चम्पावत को आस्था एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। 'श्री गोलू देवता कॉरिडोर' परियोजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# सूची में नाम होने पर ही मिलेगा सिलेंडर

- अल्मोड़ा में रसोई सिलेंडर संकट के बीच प्रशासन ने लिया निर्णय
- एक दिन पहले चस्पा होगी सूची, फिर अगले दिन मिलेगा सिलेंडर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में रसोई गैस सिलेंडर के संकट बीच जिला प्रशासन ने ग्राहकों की सूची और रोस्टर तैयार किया है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रशासन ने एक दिन पहले ही डीएसी नंबर जमा करने की योजना बनाई है। ताकि तय स्पॉट में वहीं लोग पहुंचें, जिनका नाम चस्पा की गई सूची में दर्ज है।

दरअसल, इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों के संकट के बीच स्पॉट डिलवरी पर ग्राहकों की भारी मात्रा में भीड़ उमड़ रही है। जिससे आए दिन विवाद हो रहे है। वहीं, लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वितरण बिंदु पर ग्राहकों की सूची एक दिन पूर्व ही चस्पा कर दी जाएगी, जिससे संबंधित उपभोक्ता निर्धारित क्रम में ही गैस प्राप्त कर सकें। सूची में जिन उपभोक्ताओं का नाम होगा, उन्हीं को क्रमवार गैस वितरित की जाएगी। अन्य उपभोक्ताओं से अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी उपभोक्ता का नाम सूची में होने के बावजूद सिलेंडर उपलब्धता के अभाव में गैस नहीं मिल पाती है, तो ऐसे उपभोक्ताओं को अगले दिन प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही गैस बुकिंग के 10 दिनों के उपरांत सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। डीएसी प्राप्त न होने की स्थिति में उपभोक्ताओं से अपनी संबंधित गैस एजेंसी में मोबाइल नंबर एवं पता अद्यतन कराने को कहा गया है।

### अंशाति फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वितरण केंद्रों पर अव्यवस्था या अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की गई है कि निर्धारित व्यवस्था का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें। जिससे गैस वितरण प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जा सके।



विश्व हिंदू परिषद कार्यालय के उद्घाटन पर अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

### विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय का उद्घाटन

**रानीखेत** : शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय द्वारा विश्व हिंदू परिषद जिला रानीखेत कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रांत संगठन मंत्री ने कई नए सदस्यों को पटका पहनाकर संगठन से जोड़ा तथा संगठन की रीति-नीति से सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद रानीखेत के जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन पंत ने रानीखेत में कार्यालय खुलने को संगठन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि कार्यालय खुलने से संगठन की गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। कार्यक्रम में भानू जोशी (प्रांत कार्यालय प्रमुख), विभाग संगठन मंत्री वेद प्रकाश, नगर अध्यक्ष नवल किशोर पांडेय, द्वाराहाट प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र नेगी, मनोज कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार अग्रवाल, नारायण बिष्ट, नवीन पंत, पराशर तिवारी, दीपक भंडारी, मनमोहन मेहरा आदि रहे।

# कर्कटेश्वर मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा

- मंदिर के विकास के लिए 4.98 करोड़ रुपये स्वीकृत

संवाददाता, अल्मोड़ा



मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

**अमृत विचारः** प्राचीन कर्कटेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में शनिवार को विकास कार्यों की औपचारिक शुरुआत हुई। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। मानसखंड माला मिशन के तहत मंदिर परिसर के विकास के लिए 4.98 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

मौके पर आयोजित जनसभा में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि काकड़ीघाट स्थित यह पावन स्थल स्वामी विवेकानंद की तपस्थली के रूप में विशेष पहचान रखता है, जिससे इसकी धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे सभी आस्था केंद्रों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक स्थलों का कायाकल्प हुआ है। काशी और अयोध्या की तर्ज पर उत्तराखंड के पौराणिक स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है, जिससे राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल रही है।

# ढौरा गांव से सटे जंगल में धधकी आग

- शुक्रवार देर शाम हुई आग लगने की घटना
- फायर सर्विस टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया

संवाददाता, अल्मोड़ा


ढौरा के जंगल में आग बुझाने की कोशिश करते फायर कर्मी। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले में तापमान बढ़ने के साथ ही वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी है। शुक्रवार रात ढौरा गांव से सटे जंगल अचानक आग से धधक उठी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया।

जिले के जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं फिर से शुरू हो गई है। शुक्रवार देर शाम ग्राम पंचायत ढौरा के जंगलों में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख लोगों में भी हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर सर्विस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। टीम में एलएफएम किशन सिंह, एफएस हरि सिंह, रवि आर्य, मनीषा, भावना कोरंगा शामिल रही।

## एनएचपीसी निदेशक को मांग पत्र सौंपा

**बनबसाः** टनकपुर पावर स्टेशन के दौरे पर पहुंचे एनएचपीसी के तकनीकी निदेशक सुप्रकाश अधिकारी का एनएचपीसी एम्प्लॉई यूनियन के अध्यक्ष किशन सिंह ज्याला ने स्वागत किया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने निदेशक को पांच सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा।

ज्ञापन में विद्युतकारों व पैरामेडिकल स्टाफ को पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति, सामान्य वर्ग के लिए रिक्तियां निकालने, संविदा कर्मचारियों के लिए स्पष्ट नीति बनाने, एनएचपीसी कर्मियों के बच्चों को संविदा पर रोजगार देने तथा नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने आदि मांगें रखी गईं। यूनियन अध्यक्ष किशन सिंह ज्याला ने बताया कि निदेशक ने मांगों को बोर्ड में रखने का आश्वासन दिया है।

# बिना लाइसेंस के संचालित होने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ होगी कार्रवाई

- अल्मोड़ा में खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर हुई बैठक
- एडीएम ने कहा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक लेतीं एडीएम युक्ता।

**अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय सलाकार समिति की बैठक हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी खाद्य व्यवसायियों को अनिवार्य रूप से खाद्य लाइसेंस प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए तथा बिना लाइसेंस संचालित इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों एवं वादों को समयबद्ध ढंग से दर्ज कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। वहीं, बैठक में खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। एडीएम ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। बैठक में जिला अभिहित अधिकारी अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण आयोजन पर चर्चा

**बनबसा** : मां पूर्णागिरि भूमिया मंदिर, बमनपुरी में आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न कार्यों के लिए समितियों का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 अप्रैल रविवार को सुबह 7 बजे शारदा स्नान घाट, बनबसा से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा को आकर्षक बनाने पर भी चर्चा हुई। तय किया गया कि कलश यात्रा में शामिल महिलाएं सुबह 6 बजे बनबसा स्टेशन स्थित प्राचीन मां पूर्णागिरि मंदिर में एकत्रित होंगी। वहां से सभी महिलाएं एक साथ शारदा स्नान घाट पहुंचेंगी। इसके बाद छोलिया दल के साथ कलश यात्रा शारदा स्नान घाट से पैदल भूमिया मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।

आयोजन

जौलकांडे गांव में सीडीओ ने किया दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# एडवांस बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण शुरू, इको-टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

संवाददाता, बागेश्वर


पर्यटन विभाग के बर्ड वाचिंग शिविर में उपस्थित महिलाएं व बच्चे। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्राकृतिक संपदा और समृद्ध पक्षी विविधता अब जनपद के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का नया माध्यम बन रही है। इसी दिशा में जौलकांडे गांव में दो दिवसीय एडवांस बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सीडीओ आरसी तिवारी ने कहा कि यदि स्थानीय प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिले तो वे अपनी प्राकृतिक विरासत के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पक्षी विविधता में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दरबान सिंह बिष्ट एवं वर्तमान ग्राम प्रधान संजीव कुमार मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत जौलकांडे क्षेत्र में पाए जाने वाले दुर्लभ पक्षियों की तस्वीरों से सुसज्जित स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी पीके गौतम ने कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने पर जौलकांडे एक प्रमुख बर्ड वॉचिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो सकता है। शिविर में कौसानी, बागेश्वर और जौलकांडे क्षेत्र के 15 चयनित छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार, आवास एवं संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वरिष्ठ प्रशिक्षक राजेश भट्ट एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध बर्ड वॉचर राजीव बिष्ट प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। फील्ड विजिट से प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन पंकज शर्मा व सीमा शर्मा कर रहे हैं।

### बर्ड वाचिंग प्रशिक्षण की सूचना न मिलने पर नाराजगी

**बागेश्वर** : जौलकांडे में पर्यटन विभाग द्वारा बर्ड वाचिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने की सूचना समय पर नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में न तो पूर्व सूचना दी गई और न ही समुचित प्रचार-प्रसार किया गया। ग्रामीण नरेश उप्रेती, पूर्व प्रधान प्रिया उप्रेती, पूर्व उपप्रधान नैना तिवारी लोहमी और मुन्ना तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जौलकांडे को बर्ड वाचिंग के लिए चयनित किया जाना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का आभार भी व्यक्त किया। हालांकि, ग्रामीणों ने पर्यटन विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना और प्रचार-प्रसार के इस तरह की महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित करना ग्रामीणों की उपेक्षा है।

## अल्मोड़ा मैग्नेसाइट को आर्थिक पैकेज देने की मांग

**बागेश्वर** : अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड कंपनी को आर्थिक पैकेज उपलब्ध कराने और बिजली बिल में छूट देने की मांग को लेकर मैग्नेसाइट कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय तक खनन कार्य बंद रहने से कंपनी आर्थिक संकट से गुजर रही है। शनिवार को कर्मचारी नेताओं ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के चलते कंपनी लंबे समय तक बंद रही। अब न्यायालय के आदेश के बाद कंपनी दोबारा शुरू तो हो गई है, लेकिन लंबे समय तक संचालन बंद रहने से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही बिजली बिल में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। कर्मचारियों ने मांग की कि शासन स्तर पर कंपनी को आर्थिक पैकेज प्रदान किया जाए तथा बिजली बिल में छूट दी जाए, ताकि कंपनी को संकट से उबारा जा सके। ज्ञापन में माइंस एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष शांति लाल समेत गायत्री प्रसाद, दिनेश चंद्र, सुरेंद्र लाल आदि के हस्ताक्षर शामिल थे।


बागेश्वर में पोस्टर विमोचन करते अपनी धरोहर न्यास के सदस्य। • अमृत विचार

## 29 अप्रैल को बागेश्वर पहुंचेगी गोलज्यू संदेश यात्रा

**बागेश्वर** : अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित गोलज्यू संदेश यात्रा 29 अप्रैल को बागेश्वर पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत एवं तैयारियों को लेकर न्यास की जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान यात्रा का पोस्टर भी जारी किया गया। महामंत्री भुवन कांडपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि न्यास द्वारा प्रत्येक तीसरे वर्ष संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से गोलज्यू संदेश यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यात्रा का शुभारंभ गोलज्यू की जन्मस्थली चंपावत से किया जाएगा। यात्रा लगभग 3,500 किलोमीटर लंबी होगी। महामंत्री भुवन कांडपाल ने बताया कि जनपद में यात्रा 29 अप्रैल की सुबह ग्वालदम से प्रवेश करेगी। इसके बाद गरुड़ में गोलज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना और देव दर्शन के बाद यात्रा बागेश्वर पहुंचेगी। इस दौरान उमेश साह, बृज किशोर वर्मा, अशोक लोहनी, सुनीता टम्टा, चंद्रा उपाध्याय, किरन पांडे, रीना पांडे, विमला कपकोटी आदि रहे।

# अमृत विचार
रविवार, 29 मार्च 2026




खुसरो रैन सुहाग की,
जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को,
दोउ भए एक रंग

अमीर खुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।



# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसता है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।

महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में हो रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।

> पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।

मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और परिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

> बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?



अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाष्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।

हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध

गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।



घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य शृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# जयकारों के बीच निकला चमू देवता का रथ

## पूजा अर्चना के बाद मड़ गांव से चमू देवता के रथ को कंधों व रस्सों के सहारे चमू देवता मंदिर लाया गया

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा से लगे गुमदेश क्षेत्र के प्रसिद्ध चैतोला मेले में शनिवार को गाजे बाजे व गगनभेदी जयकारे के साथ चमू देवता की रथ यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व विभिन्न गांवों से परम्परागत परिधान व आयुधों के साथ निकले जत्थों ने अपने विशिष्ट अंदाज से वातारण को भक्तिमय बना दिया।

रथ में सवार चमू देवता के धामी राहुल धामी ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। रथ के साथ चल रहे जत्थों और पीछे चल रही महिलाओं ने चमू देवता की वीर गाथा पर आधारित गीत गाए। हजारों श्रद्धालुओं ने मेले में शिरकत की। पूजा अर्चना के बाद मड़ गांव से चमू देवता के रथ को कंधों व रस्सों के सहारे चमदेवल के चमू देवता मंदिर लाया गया।

श्रद्धालुओं ने विषम रास्तों को पार करते हुए रस्सों के सहारे रथ को खींचा। रथ के मंदिर में प्रवेश करते ही आस पास का क्षेत्र खचाखच भर गया तथा गगनभेदी जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। देव डांगरों ने श्रद्धालुओं को चंवर गाय की पूंछ हिलाकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मेले में बरेली, पीलीभीत, मुरादाबाद, चम्पावत, पिथौरागढ़, टनकपुर, अल्मोड़ा, नैनीताल, हल्द्वानी, लोहाघाट व नेपाल से भी श्रद्धालु और व्यापारी पहुंचे हुए थे। मेले में भारी भीड़ के चलते यहां पहुंचे व्यवसायियों की भी जमकर बिक्री हुई। देर शाम तक चमू देवता के दर्शनों के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी हुई थी। मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पीएसी व पुलिस जवानों के साथ स्थानीय युवाओं ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।



गुमदेश क्षेत्र के प्रसिद्ध चैतोला मेले में चमू देवता के रथ के साथ श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आकर्षक परिधान में निकले जत्थों ने लगाए चार चांद

**लोहाघाट :** चैतोला मेले के दिन शनिवार को विभिन्न गांवों से निकले जत्थों ने मुख्य मेले में चार चांद लगा दिए। आम तौर पर रंगियाली व पिछौड़ी महिलाएं ही पहनती हैं पर जत्थों में शामिल युवा व बुजुर्गों ने इस परिधान में सजधज कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। जत्थों में शामिल लोग नगाड़ों के बाजे में हाथों में डंडे व छडियां लेकर उछलते हुए नृत्य कर रहे थे। पुल्ला, पोखरी, गुरेली, मडलक तथा जाख जिंडी, सिलिंग, चौपता, न्योल टुकरा व बसकुनी आदि गांवों के जत्थे आए। मेले में पहुंचे वह जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह सामंत , रिंकू सिंह का अतिथियों का मेला समिति के अध्यक्ष खुशाल सिंह ने स्वागत किया। चमू देवता मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। पुरोहित शंकर दत्त पांडेय, चंद्रशेखर कलौनी,मदन कलौनी, हरीश कलौनी ने पूजा पाठ संपन्न कराई।इस दौरान मान सिंह, युगल किशोर धौनी, ग्राम मनोज सिंह, कल्याण चंद, शंकर चंद,जोगा सिंह, लक्ष्मण सिंह,तारा सिंह,दरबान सिंह, राकेश सिंह,गुमान ,डा, सतीश पांडेय मौजूद रहे।

### सिर में पगड़ी हाथों में डंडे लेकर पहुंचे विभिन्न गांवों के जत्थे

**लोहाघाट :** चमदेवल के चौखम बाबा के चमू देवता मंदिर युद्ध का प्रतीक बनकर विभिन्न गांवों से जत्थे सिर पर बसंती रंग की पगड़ी सजाए, हाथों में डंडा लेकर पहुंचे। उन्होंने पहले चौखाम सबाबा मंदिर में चमू देवता की परिक्रमा की। इसके बाद मडगांव से आने वाले डोल को कंधा देकर चौखाम बाबा मंदिर चामू देवता की परिक्रमा की। पुरोहित मदन कलौनी ने बताया कि बकासुर को युद्ध में पराजित करने के बाद सम्मानपूर्वक योद्धा सिर पर पगड़ी और हाथों में डंडा लेकर विभिन्न गांवों से जत्थों के रूप खुशी मनाते हुए आते हैं। यह परंपरा क्षेत्र में चमदेवल चमू देवता की पूजा और उनके बकासुर से युद्ध की स्मृति में मनाई जाती है। यह आयोजन स्थानीय परंपरा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा है, जिसमें जत्थे योद्धा देवता की जीत का सम्मान करते हैं। चमू बाबा का प्राचीन मंदिर गुमदेश क्षेत्र में स्थित है और क्षेत्र में उनकी पूजा व्यापक रूप से होती है।

# ग्राफिक एरा के छात्र बायो इनफॉर्मेटिक्स से नई दवा विकसित करना सीखेंगे

**देहरादून:** देश के 48 उच्च मानक प्राप्त निजी विश्वविद्यालयों में शामिल उत्तराखंड के देहरादून स्थित ग्राफिक एरा के छात्र बायो इनफॉर्मेटिक्स के माध्यम से नई दवाओं को विकसित करना सीखेंगे। इसके लिए ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के माइक्रो बायोलॉजी डिपार्टमेन्ट और मोलेलिक्सिर इन्फॉर्मेटिक्स के बीच शनिवार को एक लिखित समझौता (एमओयू) किया गया।

इस लिखित समझौता (एमओयू) के तहत छात्र छात्राओं को आधुनिक तकनीकों की मदद से दवा खोज, जिनोमिक्स और बायोइनफॉर्मेटिक्स के जरिए नई दवाओं को विकसित करना और नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग तकनीकों के माध्यम से बीमारियों की जल्दी और सही पहचान करना सिखाया जाएगा।

एमओयू पर ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति डा. नरपिंदर सिंह और मोलेलिक्सिर इन्फॉर्मेटिक्स की ओर से कंपनी की निदेशक डा. ज्योति बाला ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेन्ट की हेड डा. अंजू रानी के साथ डा. आशीष थपलियाल, डा. गौरव पंत समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# शिविर में स्वयंसेवियों को किया गया जागरूक



शिविर में मौजूद वक्ता एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा पं. गौरी दत्त दानी सरस्वती विद्या मंदिर, छोई में आयोजित सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवियों को एंटी रैगिंग, आंतरिक शिकायत और महिला उत्पीड़न निवारण समिति के कार्य और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

शिविर में प्रो. पुनीता कुशवाहा ने स्वयंसेवियों के साथ अपने एनएसएस अनुभव साझा किए और उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कृष्ण भारती ने बताया कि महाविद्यालय में यदि कोई एंटी रैगिंग संबंधित मामला सामने आता है तो स्वयंसेवक इसकी शिकायत संबंधित प्रकोष्ठ में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, कार्यप्रणाली और शिकायत दर्ज करने की पूरी जानकारी भी दी। डॉ. सुरेश चंद्र ने स्वयंसेवियों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सचेत रहने और जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में राजस्व निरीक्षक श्री ताराचंद्र घिल्डियाल ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन और अनुशासन के माध्यम से अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर जेएस नेगी ने शिविर का औचित्य निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयंसेवियों के रसोई कक्ष, उनके रहन-सहन की व्यवस्था और शिविर में बनाए गए अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदौला जोशी ने सभी वक्ताओं, स्वयंसेवियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धारानौला, खत्याड़ी, पाण्डेखोला में ई-रिक्शा के संचालन की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था और पार्किंग की समस्या को लेकर विधायक मनोज तिवारी ने पहल करते हुए डीएम को सुझाव दिए हैं। कहा कि नगर क्षेत्र के धारानौला, खत्याड़ी और पाण्डेखोला समेत अन्य जगहों पर ई-रिक्शा का संचालन जरूरी है।



मनोज तिवारी, विधायक।

विधायक तिवारी ने कहा कि अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। इसके समाधान के लिए इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा संचालन को बढ़ावा देने और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पत्र में चार अहम सुझाव रखते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। जिसमें होटल शिखर तिराहे से पाण्डेखोला तक इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का संचालन शुरू करने, खत्याड़ी से पाण्डेखोला तक भी ई-रिक्शा सेवा संचालित करने की मांग की है। वहीं, आरसीएम मॉल से सिकुड़ा बैंड तक ई-रिक्शा चलाने का प्रस्ताव भी विधायक के द्वारा दिया गया है, ताकि बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। उन्होंने नगर के विभिन्न स्थानों पर निर्मित पार्किंग स्थलों को नियमित और व्यवस्थित रूप से संचालित करने की मांग की।

# मां का दूसरा रूप शक्ति, कन्या पूजन पंरपरा: भुड्डी

- गदरपुर महिला मोर्चा ने आयोजित किया शक्ति पूजन कार्यक्रम

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी गदरपुर मंडल महिला मोर्चा द्वारा शक्ति पूजन कन्या पूजन कार्यक्रम श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में 101 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और उसके उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी ने कहा कि कि हमारे धर्म में नारी को शक्ति की संज्ञा दी गई है क्योंकि मां का दूसरा रूप शक्ति होता है। इस पावन पर्व पर हम सब कन्या पूजन को शक्ति पूजन के नाम से कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर है और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए और उनको आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।




गदरपुर मंडल महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रेखा कंबोज ने सभी बालिकाओं का पूजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम ग्रोवर, मंडल उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, मनी ठाकुर, शिल्पी गुप्ता, सुधा ठाकुर, सुमन चौहान, मोनिका चौहान, कलावती सैनी, माया देवी, अनीता कश्यप, लता भट्ट देवी, पूनम देवी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विजय अरोड़ा, कविता गुप्ता, संजीव शर्मा, संचित ढींगरा, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



टनकपुर शारदा घाट में पुलिस टीम ने श्रद्धालुओं की बचाई जान। ● अमृत विचार

### जल पुलिस की सतर्कता से बची तीन श्रद्धालुओं की जान

**टनकपुर :** शारदा घाट पर स्नान के दौरान अलग-अलग घटनाओं में जल पुलिस और तैराक दल ने तीन श्रद्धालुओं को डूबने से बचा लिया। शनिवार को मां पूर्णागिरि दर्शन के लिए आए सात वर्षीय अर्पित पुत्र उमेश एवं 23 वर्षीय काजल पुत्री राम रतन, निवासी दुर्गागंज काकोरी, जिला लखनऊ शारदा घाट पर स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद जल पुलिस एवं तैराक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं आठ वर्षीय राज पुत्र दयाराम सक्सेना, निवासी फरीदपुर, जिला बरेली भी नदी में डूबने लगा। जल पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए उसे भी सकुशल बचा लिया। टीम में जल पुलिस प्रभारी राकेश गिरी, पीएसी तैराक दल के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल नीरज बोरा, चंद्र प्रकाश, विशाल कबड़वाल, गोताखोर रविंद्र कुमार एवं पीआरडी सूरज शर्मा रहे।

# पानीपत वॉरियर्स ने मैच में दिखाया दम



बिंदुखत्ता में चल रहे नैनीताल ओपन महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान मौजूद खिलाड़ी व अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता स्थित हरीश पवार स्कूल में चल रहे नैनीताल ओपन महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

पानीपत वॉरियर्स ने एमजीएमडी हरियाणा को 8-0 और बिंदुखत्ता फुटबॉल क्लब को 6-0 से हराकर लगातार दो जीत दर्ज की। वहीं, हरीश पवार स्पोर्ट्स एकेडमी ने रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम को 2-0 से हराया, जबकि एमजीएमडी हरियाणा ने ब्राइट एफसी को 2-0 से पराजित किया। रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ने वापसी करते हुए हरीश पवार स्पोर्ट्स एकेडमी और एमजीएमडी हरियाणा को समान रूप से 3-0 से हराकर दो जीत अपने नाम कीं। उत्तराखंड महिला फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष लाखन मेहता ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय है। डिप्टी कमिश्नर जीएसटी हेमलता शुक्ला, अजय कुमार अग्रवाल, हरेंद्र सिंह बोरा, कमलेश चंदौला, गोविंद सिंह मेहता, देवेंद्र सिंह बिष्ट, रमेश कुनियाल, भुवन तिवारी और पंकज अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला बार चुनाव मे अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला और सहायक चुनाव अधिकारी शंकर सिंह चौहान ने पुष्टि की है कि किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है और सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं।

इस बार के चुनाव में विभिन्न पदों पर कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। मैदान में अरुण बिष्ट, हरिशंकर कंसल और नीरज साह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तीनों दिग्गजों के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना है। सचिव पद के लिए अनिल बिष्ट और संजय सुयाल के बीच सीधी भिड़ंत है। दोनों ही प्रत्याशी अधिवक्ताओं का समर्थन जुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल और प्रमोद तिवारी के बीच बराबरी का मुकाबला माना जा रहा है। संयुक्त सचिव पर नीरज गोस्वामी एकमात्र उम्मीदवार हैं, जिससे उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। सदस्य पद पर पांच सीटों के लिए नीरज, मो. बिलाल, प्रेमा और तारा आर्य ने नामांकन किया है। योग्य उम्मीदवारों की कमी के कारण एक सीट रिक्त रहेगी।

# गंगा नदी ही नहीं, सांस्कृतिक चेतना भी है

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महाविद्यालय में चल रहे गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निबंध प्रतियोगिता के साथ आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कार्यक्रम को जन-जागरूकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा, गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना है। स्वच्छता पखवाड़ा जैसे आयोजन न केवल गंगा की स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव भी रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि हम नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे, तो आने वाली पीढ़ियां भी इस दिशा में कदम बढ़ाएंगी। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. नीमा राणा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और गंगा नदी की स्वच्छता में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा युवाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता का संदेश पहुंचाने की यह पहल सराहनीय है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने गंगा की स्वच्छता को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. मुरलीधर, डॉ. रागिनी गुप्ता, दीप्ती, रोहन, विशाल, निर्मल सिंह, कुमकुम, रेखा, वर्षा, हिमानी, पदमा, प्रीति, माहि सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।



भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं। ● अमृत विचार

जागरुकता

कुमाऊं विश्वविद्यालय में एमएमयूएसएसपीवाई के अंतर्गत रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम विषय पर कार्यशाला

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से रेनबो ट्राउट अधिक लाभकारी : डॉ. सुरेश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा एमएमयूएसएसपीवाई के अंतर्गत रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन डीएसबी परिसर में किया गया। कार्यशाला में हिमालयी क्षेत्र में मत्स्य पालन की संभावनाओं, विशेषकर स्नो ट्राउट के संरक्षण एवं उत्पादन पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता डीसीएफआरआई (आईसीएआर), भीमताल के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. सुरेश चन्द्र ने कहा कि स्नो ट्राउट हिमालय की मूल प्रजाति है, लेकिन इसकी व्यावसायिक क्षमता अभी सीमित है। इसके विपरीत रेनबो ट्राउट, बाहरी प्रजाति होने के बावजूद व्यावसायिक रूप से अधिक लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने ग्रास कार्प, कॉमन कार्प और महाशीर जैसी प्रजातियों के पहाड़ी व तराई क्षेत्रों में पालन की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। साथ ही तराई क्षेत्रों में कैटफिश के तीव्र विकास के कारण इसके व्यावसायिक पालन को लाभकारी बताया। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर मत्स्य उत्पादन में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिससे इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. एचसीएस बिष्ट ने की। निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के संयोजक प्रो. आशीष तिवारी रहे। इस दौरान हिमालयी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों, विशेषकर बायोफ्लॉक तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रो. ललित तिवारी, प्रो. हरिप्रिया, प्रो. रीना, डॉ. हिमांशु, डॉ. दीपक, डॉ. सीता देवली, डॉ. संदीप एवं डॉ. लज्जा भट्ट सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे।



कुमाऊं विश्वविद्यालय में हिमालयी मत्स्य पालन पर कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञ व शोधार्थी। ● अमृत विचार

# वनाग्नि काल में ग्रामीण करें सहयोग

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** भूमि संरक्षण वन प्रभाग ताड़ीखेत द्वारा विकासखंड ताड़ीखेत के सभागार में वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने की।

बैठक में विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने वनाग्नि सुरक्षा के संबंध में अपने विचार रखते हुए वनाग्नि काल में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। प्रभागीय वन अधिकारी संतोष पंत ने वनाग्नि से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए वन पंचायत सरपंचों एवं विभागीय कर्मचारियों से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि वन हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विभाग की पिरुल एकत्रीकरण योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और वनाग्नि की घटनाओं में भी कमी आएगी। बैठक में राधा पंत ने पिरुल और चीड़ के कोन से महिला समूहों द्वारा हस्तशिल्प तैयार करने का सुझाव दिया, जिससे महिलाओं को रोजगार मिल सके। वन क्षेत्राधिकारी ताड़ीखेत कुंदन सिंह बिष्ट ने कहा कि उनकी टीम वनाग्नि से निपटने के लिए तैयार है। वन क्षेत्राधिकारी गगास राजीव जोशी ने महिला समूहों के सहयोग पर जोर दिया। विधायक प्रतिनिधि भूपाल सिंह भंडारी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वनाग्नि को नियंत्रित करने की जरूरत बताई। डीएफओ भूमि संरक्षण वन प्रभाग रानीखेत संतोष पंत, बीएस डंगवाल, ब्लॉक प्रमुख भिकियासैंण, मंडल अध्यक्ष बिंसर राम सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी ताराचंद, कुंदन सिंह बिष्ट, एसडीओ गगास राजीव जोशी, वन क्षेत्राधिकारी जालली दान सिंह हरकोटिया, वन क्षेत्राधिकारी चनधरिया दीप चंद्र जोशी सहित महिला समूहों के सदस्य मौजूद रहे।



रानीखेत में वनाग्नि सुरक्षा अभियान की बैठक में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

### एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स

**नयी दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 29 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**- तुलसी 2625, राज श्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565
**किराना**- निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050
**चावल-(प्रति कु0)** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन**- मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**- पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**- सोना पक्के आभूषण 150000, सोना गिन्नी जेवर 146000, चांदी पक्की 2310 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल। साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरुस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● **भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया**

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता'' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

**सुरक्षा विशेषज्ञ की बात** | भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर हमले अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी खतरा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




● **करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट**

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिणग एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।


उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं।

शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।


उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुकी है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।




## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**


चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्रि पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएँ रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

● अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित

ग्वालियर, एजेंसी

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

● परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।

● इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।

● वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।

● रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

● कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।

● सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।

● ट्रम्प की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों को लगता है कि ट्रम्प ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

● ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

● कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

● पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाब देगा।



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।

### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के युवराज से की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर चर्चा की और इस दौरान जहाजरानी परिवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। सऊदी अरब के युवराज के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की भारत की ओर से फिर से निंदा की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और जहाजरानी मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए।

## मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



● अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी



● नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है।

### जेसीबी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शकूरपुर इलाके में शनिवार सुबह 27 वर्षीय एक व्यक्ति की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शकूरपुर में एक कब्रिस्तान के पास सुबह करीब 10 बजे हुई, जिसमें शकूरपुर निवासी मोहम्मद हुसैन की मौत हो गई। जेसीबी चालक आशीष (23) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने उसे मौके पर पकड़ लिया।

## जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

पेरिस, एजेंसी

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।



● जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री

## आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

# भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

● पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

रिपोर्ट

साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2.4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190.5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**तुला** – आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृष** – आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**मिथुन** – आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।

**कर्क** – आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।


**कुंभ** – आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या** – आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07.46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेशा 14.38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |



> मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।
> –मिचेल स्टार्क


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 29 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

**हाईलाइट**

### स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

### निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विट्र्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# ईशान की पारी से सनराइजर्स ने बनाए नौ विकेट पर 201 रन

## आईपीएल-2026 : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी ने चटकाए तीन विकेट



बेंगलुरु, एजेंसी

कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाए। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था। ट्रेविस हेड और नीतिश कुमार रेड्डी को भी डफी ने आउट किया। सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में ही 29 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और पावरप्ले के बाद स्कोर तीन विकेट पर 49 रन था।

ईशान ने हालांकि दबाव में आये बिना साहसिक पारी खेली और 27 गेंद में अर्धशतक पूरा कर दिया। उन्होंने अभिनंदन सिंह को एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। इसके बाद स्पिनर कृणाल पंड्या को भी दो छक्के जड़े। अभिनंदन ने ही हालांकि ईशान को डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर फिल साल्ट के हाथों लपकवाया। आखिरी पांच ओवरों में सनराइजर्स के बल्लेबाज 59 रन ही बना सके। अनिकेत वर्मा ने 19 गेंद में 43 रन बनाये जिन्हें भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विराट कोहली ने 26 के स्कोर पर जीवनदान दिया था।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी। एजेंसी

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0 -38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था।

### पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

### चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर। एजेंसी

### काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए टी20 लीग की पेशकश ठुकराई भी : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं। बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है। उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है? बटलर ने कहा मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

- **कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज**

मुंबई, एजेंसी

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



मुंबई इंडियंस की टीम। फाइल फोटो

**टीम**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

**प्रबल दावेदार**

**तीन साल में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग**

# सिनर मियामी ओपन के फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।



### नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।